हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 223 देहरादून, शनिवार, 25 फरवरी, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



चंपावत में सीएम की मॉर्निंग वॉक में दिखी जनता की सरकार जनता के द्वार की झलक 3

# नकल विरोधी कानून लागू होने पर चम्पावत में मुख्यमंत्री धामी का ज़ोरदार स्वागत

## सीएम पुष्कर सिंह धामी और सांसद अजय टम्टा भी रैली में हुए शामिल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चम्पावत, 24 फ़रवरी। राज्य सरकार द्वारा नकल विरोधी कानून बनाए जाने पर शुक्रवार को चंपावत जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सम्मान में अभिनंदन रैली आयोजित की गई। रैली में बड़ी संख्या में युवा एवं अन्य लोग शामिल हुए। स्थानीय जीआइसी चौक से गोरलचौड़ मैदान तक निकली आभार रैली में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सांसद अजय टम्टा भी शामिल हुए।

**खुली जीप में बैठकर किया जनता का अभिवादन**

उन्होंने खुली जीप में रैली के साथ चलकर जनता का अभिवादन किया। रैली को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आया। कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक लेने के बाद मुख्यमंत्री सीधे जीआईसी चौक पहुंचे जहां युवाओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने आम जनता का आभार जताते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार ने ऐसा नकल विरोधी कानून बनाया है जिसकी पूरे देश में चर्चा हो रही है इस कानून से प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने वाले युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो गया है। अब कोई भी नकल माफिया युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर पाएगा। इस अवसर पर महिलाओं ने भी मुख्यमंत्री के समर्थन में नारे लगाए उनका कहना था कि मुख्यमंत्री ने सख्त कानून बनाकर उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया है। इसी कारण वे मुख्यमंत्री को नकल विरोधी कानून लागू करने के लिए बधाई देने रैली में शामिल हुई हैं। रैली में जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, बाराकोट की ब्लाक प्रमुख विनीता फर्त्याल चंपावत की ब्लाक प्रमुख रेखा देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल मेहरा, नगर पालिका अध्यक्ष विजय वर्मा, लोहाघाट पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, श्याम नारायण पांडेय, शंकर खाती, पूर्व दर्जा मंत्री हयात सिंह मेहरा, पूर्व चेयरमैन प्रकाश तिवारी, गोविंद सामंत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय, सहित सैकड़ों की संख्या में युवा एवं भाजपा कार्यकर्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।





# चंपावत को मिली 4884.21 लाख की कुल 10 योजनाओं की सौगात : मुख्यमंत्री

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चम्पावत , 24 फ़रवरी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत में जनपद चंपावत के विकास हेतु 4884.21लाख की कुल 10 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। जिसमें से 4628.36 लाख की लागत की 8 योजनाओं का शिलान्यास तथा 255.85 लाख की 2 योजनाओं का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन कल्याण एवं सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर एवं त्वरित ढंग से हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये हैं।

शिलान्यास की गई योजनाओं में 35 लाख रुपये की लागत राजकीय पॉलिटेक्निक लोहाघाट में महिला छात्रावास का निर्माण, 1800 लाख की लागत से जनपद के अंतर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक चंपावत का भवन निर्माण कार्य, 1600 लाख की लागत के राजकीय पॉलिटेक्निक टनकपुर का भवन निर्माण कार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक चंपावत में एप्रोच रोड का निर्माण कार्य लागत 101.47 लाख रुपये, जनपद चंपावत के अंतर्गत ग्राम डड़ा बिष्ट (कुलेठी) चंपावत में 357.95 लाख स्वीकृत लागत से बनने वाले हेलीपोर्ट निर्माण कार्य के साथ ही 131.19 लाख की लागत के एबॉट माउंट लोहाघाट में हेलीपोर्ट विकसित किए जाने हेतु तत्संबंधी निर्माण कार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक लोहाघाट में 200 लाख की लागत से बनाए जाने वाले बहुउद्देशीय हाल के निर्माण के साथ राज्य योजना के अंतर्गत जनपद चंपावत के विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के विकासखंड पाटी में 402.75 लाख की स्वीकृत लागत से रीठा ढोलीगांव मोटर मार्ग का सुधारीकरण/डामरीकरण का कार्य का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण की गई योजनाओं में राज्य योजना अंतर्गत जनपद के विधानसभा क्षेत्र चंपावत के अंतर्गत धोन ड्यूरी मोटर मार्ग से बढ़ेगी (आगर तोक) मोटर मार्ग स्वीकृत लागत 110.90 लाख से पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य, विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के विकासखंड पाटी के खेतीखान तपनीपाल मोटर मार्ग कुल स्वीकृत लागत 144.95 लाख के पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण का कार्य शामिल है।





# मोटे अनाज का उत्पादन कर आर्थिकी मजबूत करें किसान : अजय भट्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी, 24 फ़रवरी। मोटा अनाज मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल आदि समस्याओं को दूर रखता है। पर्वतीय क्षेत्र के किसान मोटे अनाज का उत्पादन कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें और मोटे अनाज को अपने जीवन में अपनाएं। यह बात केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने भीमताल स्थित सिडकुल में बने संस्थान नैनी फ्लोर मिलेट के उद्घाटन पर कही। शुक्रवार को केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री भट्ट ने सिडकुल में बने संस्थान नैनी फ्लोर मिलेट का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने मोटे अनाज को आदर्श भोजन बताते हुए स्वास्थ्य के लिए बेहतर बताया। कहा मोटा अनाज मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल आदि समस्याओं को दूर रखता है। किसान इसका उत्पादन कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। उन्होंने कहा सिडकुल में क्षतिग्रस्त सडक़ों की मरम्मत को शासन से 90 लाख की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। मार्च में कार्य शुरू किया जाएगा। पशुओं के बीमार होने पर पशु पालक टोल फ्री नंबर 1962 पर समस्या दर्ज करा सकते



हैं। वहीं नजदीकी विकासखंड में तैनात पशु वैन में डॉक्टर, स्टाफ मौके पर जाकर पशुओं की जांच करेंगे। उन्होंने भीमताल खेल मैदान के सौंदर्यीकरण को प्रस्ताव बनाने को कहा। इस मौके पर विधायक राम सिंह कैडा, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा, सभासद सुनीता पांडे, धन सिंह राणा, मनोज भट्ट, विनीत जोशी, दिनेश सांगुड़ी, आशु पाठक, अनिल चनौतिया, शरद पांडे, रवि कुमार, आशा उप्रेती मौजूद रहीं।

## खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन कर व्यापारियों को खाद्य से जुड़ी जानकारी दी

चम्पावत,24 फ़रवरी। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन कर खाद्य व्यवसायियों को खाद्य संबंधी जानकारी देते हुए कई व्यापारियों के खाद्य विभाग में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए गए। शुक्रवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष परमजीत सिंह गांधी के अध्यक्षता में आयोजित खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कार्यशाला में खाद्य व्यवसायियों को विभिन्न जानकारियां दी गई। कार्यशाला में मौजूद रिटेलर, होलसेलर, मैन्युफैक्चर व्यवसायियों को संबोधित करते हुए ट्रेनर प्रेम चंद शर्मा ने खाद्य व्यवसाय से जुड़े सभी व्यापारियों से अपने होटलों ढाबों मैं सफाई व्यवस्था रखने, अपने व्यवसाय क्षेत्र के आसपास साफ-सफाई रखने, बासी खाना ना बेचने, एक्सपायरी सामान ना बेचने की बात कही।

ट्रेनर सोनू कुमार ने व्यापारियों से खाद्य पदार्थों को बनाते समय रंगों का इस्तेमाल कम से कम करने की सलाह दी। ट्रेनर इंद्रपाल सिंह ने व्यापारियों से खाद्य सुरक्षा विभाग में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की अपील की। इस मौके पर कई व्यापारियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी किए। कार्यशाला में कमल जैन, अजय यादव, महेश जोशी,शिव नारायण साहू, उम्मेद सिंह नेगी, महेंद्र बिष्ट महेश जोशी,संजू ठाकुर,हरीश उप्रेती,सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## खटीमा में भाजयुमो कार्यकताओं ने निकाली रैली

रुद्रपुर, 24 फ़रवरी। उत्तराखंड में नकल विरोधी कानून लागू होने पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने आभार रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समर्थन में नारेबाजी कर खुशी जताई। शुक्रवार को वक्ताओं ने कहा कि सीएम धामी के प्रदेश में सख्त नकल विरोधी कानून बनाया है। जिससे युवाओं और बेरोजगारों में खासा उत्साह है।

उन्होंने कहा कि कानून लागू होने से अब प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाएं पारदर्शी और नकल विहीन हो सकेगी। इससे पहले भाजयुमो के पूर्व जिला मंत्री सिद्घांत सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राणा प्रताप इंटर कॉलेज से रैली निकाली। जो नगर के विभिन्न हिस्सों में गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीएम धामी के नेतृत्व में प्रदेश एक ऐसा राज्य बना है। जिसने भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वाले 60 लोगों को जेल भेजा। कहा कि नकल विरोधी कानून लागू होने से अब परीक्षाओं में गड़बड़ी नहीं हो सकेगी। यह कानून लागू कर सीएम धामी ने युवाओं और बेरोजगारों का दिल जीता है। यहां नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, टीवीएस अध्यक्ष गोपाल बोरा, मनोज बाधवा, राम पांडे, अमित पांडे, रोबिन चंद, हिमांशु अग्रवाल, गौरव नेगी, प्रमोद गडक़ोटी, सूरज जोशी रहे।

## पुलों की वित्तीय, भौतिक प्रगति प्रस्तुत करें नोडल अधिकारी : डीएम अनुराधा पाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बागेश्वर, 24 फ़रवरी। डीएम अनुराधा पाल ने पीएमजीएसवाई को सडक़ों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। तांकि जनता को सडक़ों का समय से लाभ मिल सके। नोडल अधिकारी सभी सडक़ों, पुलों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति सूचनाओं का संकलन जीपीएस फोटो, गूगल अर्थ लोकेशन के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। शुक्रवार को जिला कार्यालय में समीक्षा करते हुए डीएम ने पीएमजीएसवाई के सभी खंडों के साथ ही वैपकास के अधिकारियों को कार्यो में गति लाने के निर्देश दिए। कहा कि सडक की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। सडक़ एवं पुल कार्यों की थर्ड पार्टी से जांच भी कराई जाएगी।

कार्यों में प्रगति लाने का यही सही समय है। अभियंता अपने-अपने कार्यदायी संस्थाओं को मशीनों और श्रमिकों को बढाएं। अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंता क्षेत्र में जाकर कार्यों का मौके मुआयना करें। जिले में 51 कार्य प्रगति पर हैं। जिसमें 17 सडक़ कार्य पूर्ण हो चुके हैं। 16 सडक़ कार्य मार्च में, जबकि छह कार्य जून में पूरे होंगे। स्टेज थर्ड के नौ कार्य यूआरआरडीए स्तर पर हैं। कपकोट पिंडारी ग्लेशियर मोटर मार्ग पर किमी 11 से काफलीकमेड़ा मोटर मार्ग के किमी सात में 24 मीटर स्पान पुल, बड़ेत मोटर मार्ग के किमी आठ में 24 मीटर स्पान पुल का अनुबंध निरस्त करने को पत्र लिखा है। खड़लेख-भनार मोटर मार्ग के किमी एक से नैकाना बसौरा मोटर मार्ग का निविदा आमंत्रण विवाद के कारण न्यायालय में लंबित है। यहां अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाइ विजय कृष्ण, कपकोट केएस लसपाल, सहायक अभियंता नरेश चंद्र, विशन लाल आदि थे।

## रानीखेत की वरिष्ठ भाजपा नेत्री बनी बागेश्वर जिला प्रभारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा, 24 फ़रवरी। भाजपा महिला मोर्चा की तरफ से राज्य के सभी जिलों के प्रभारियों की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश प्रभारी कुलदीप कुमार की सहमति पर अध्यक्ष आशा नौटियाल ने रानीखेत की वरिष्ठ नेत्री विमला रावत को बागेश्वर का प्रभारी नियुक्त किया है। अब तक वह प्रदेश मीडिया सह प्रभारी के साथ चंपावत जनपद का प्रभार संभाल रही थीं। जिला पंचायत सदस्य रही विमला रावत इससे पूर्व अल्मोड़ा भाजपा की जिला मंत्री, महिला मोर्चा की रानीखेत जिलाध्यक्ष अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य और 2022 में सल्ट विधानसभा उपचुनाव प्रभारी आदि दायित्व निभा चुकी हैं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीप भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष मदन सिंह मेहरा, कैंट बोर्ड के नामित सदस्य मोहन नेगी, पूर्व जिला महामंत्री प्रेम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विमल भट्ट, मंत्री दीप्ति बिष्ट, नगर अध्यक्ष मनीष चौधरी, मोर्चा नगर अध्यक्ष सरिता पांडे, राजेंद्र जसवाल, ललित मेहरा, सुनीता डाबर, सभासद उमा रावत, माया बिष्ट, भावना पालीवाल, बबीता, माया नैनवाल, विनोद भार्गव, चंपा भगत, अनु सोनकर, मीना वर्मा, उमेश अग्रवाल आदि ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ए प्लस स्टुडियो का उत्तराखंडी गीत संगीत संध्या 26 को

देहरादून। उत्तराखंड के लोकसंगीत व कलाकारों के उत्थान में लगा ए प्लस स्टूडियो अपनी स्थापना दिवस पर उत्तराखंडी गीत संगीत संध्या का आयोजन 26 फरवरी को सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में करेगा। इसका उद्घाटन वन मंत्री सुबोध उनियाल करेंगे। दून लाइब्रेरी के निकट हुई प्रेसवार्ता में स्टुडियो संस्थापक व संगीतकार रणजीत सिंह ने बताया कि वह पिछले 27 साल से उत्तराखंड की संस्कृति क्षेत्र में काम कर रहे हैं। स्टूडियो ने पिछले 4 साल में करीब 100 लोक कलाकारों के गीतों की निशुल्क रिकॉर्डिंग की है। ये वह कलाकार हैं जो स्टुडियो आकर रिकॉर्डिंग नहीं करा पाते। इन लोगों के लिए प्लस स्टूडियो की टीम गांव-गांव जाकर निशुल्क रिकॉर्डिंग करती है। स्टूडियो अपनी वर्षगांठ पर उत्तराखंड के पारंपरिक गीत एवं वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति व वरिष्ठ कलाकारों को सम्मानित करता है। इस बार 100 लोग सम्मानित होंगे। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता गढ़ रत्न नरेंद्र सिंह नेगी करेंगे। इस बार के खास कार्यक्रम में डीडीहाट पिथौरागढ़ का छोलिया नृत्य, थडिया चौफ़ला, झोड़ा चांचरी की प्रस्तुति होगी। बेडू पाको गीत पर 25 बच्चों की नृत्य प्रस्तुति, सामूहिक गीत व मनोरंजक कार्यक्रम होंगे।

### कोरियर अटकने के झांसे में गंवाए 54 हजार

देहरादून। कोरियर अटकने के झांसे में एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। आईटी पार्क चौकी इंचार्ज धनीराम पुरोहित ने बताया कि एसपी सिंह निवासी पैसिफिक गोल्फ स्टेट ने तहरीर दी। कहा कि वह एक कोरियर की ऑनलाइन तलाश कर रहे थे। इस दौरान उनकी पत्नी हरजीत के मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि कोरियर अटक गया। पांच रुपये का भुगतान करने के लिए लिंक भेजा। उसमें पीड़ित पक्ष ने जानकारी डाली तो उनके खाते से 54 हजार रुपये कट गए। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अतिथि शिक्षकों ने सरकार को 15 तक का अल्टीमेटम दिया

हल्द्वानी। राज्य सरकार पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए माध्यमिक अतिथि शिक्षकों ने प्रदेश स्तरीय आंदोलन की चेतावनी दी है। सुरक्षित भविष्य की मांग को लेकर सरकार की अनदेखी से अतिथि शिक्षकों में आक्रोश पनप रहा है। चेताया है कि यदि 15 मार्च से पहले लंबित मांगों का शासनादेश जारी नहीं किया तो आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। उत्तराखंड माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक भट्ट ने बयान जारी कर कहा है कि 8 साल से शिक्षण कार्य में लगे अतिथि शिक्षकों की सुरक्षित भविष्य की मांग शासन में लंबित है। सरकार ने कोई शासनादेश जारी नहीं किया। दूसरी ओर एलटी में सीधी भर्ती से नियुक्त होने वाले शिक्षकों को अतिथि शिक्षकों की जगह भेजा जा रहा। इससे न केवल छात्रों का नुकसान हो रहा बल्कि अतिथि शिक्षकों को भी कार्यमुक्त करने का आदेश जारी कर उत्पीड़ित किया जा रहा है। जबकि खुद सीएम और विद्यालयी शिक्षा मंत्री कई बार अतिथि शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने का आश्वासन दे चुके हैं।

### ईट राइट इंडिया जागरूकता रैली निकाली

हल्द्वानी। ईट राइट इंडिया अभियान के तहत शुक्रवार को जीआईसी कठघरिया में जागरूकता रैली समेत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छ खानपान के फायदे गिनाए। प्रधानाचार्य आरसी तिवारी ने सुरक्षित और पौष्टिक भोजन करने व खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की। एनएसएस के जिला समन्वयक ललित मोहन पांडे ने छात्रों को अभियान की जानकारी दी। यहां नवीन कांडपाल, जमुना प्रसाद गंगवार, देवीदत्त चौदसी, कौस्तुभानंद पंत, पी ऊषा कुमार, मनोज भट्ट, जोगा गिरी गोस्वामी, शशांक जोशी, संदीप पांडे, अनिल जोशी, देवकी कांडपाल आदि मौजूद रहे।

### अधिकारी को निलंबित करने की मांग

हल्द्वानी। स्कूली बच्चों को एबीवीपी के सम्मेलन में भेजने का आदेश देने वाले अधिकारी को निलंबित करने की मांग की गई है। भाकपा (माले) के जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडे ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि अधिकारी ने अपने पद का दुरुपयोग और राज्य कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन किया है। इसलिए पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। एक अधिकारी का किसी संगठन के लिए भीड़ जमा करने का काम करना संदिग्ध है। पद पर रहते हुए खास विचारधारा के लिए काम करने की जांच की जाए। मांग की गई कि जांच पूरी होते तक अधिकारी को निलंबित किया जाए।

### युवती के खिलाफ मुकदमा वापस लेने की मांग

हल्द्वानी। भाकपा माले नेता इंद्रेश मैखुनी ने मल्लीताल कोतवाली में युवती के खिलाफ दर्ज मुकदमे को वापस लेने की मांग की है। मैखुनी की ओर से डीजीपी और एसएसपी नैनीताल को भेजे पत्र में कहा गया है कि यूट्यूब चलाने वाली युवती स्मृति नेगी की ओर से जारी किए गए वीडियो में उन्होंने सिर्फ अपनी भावना को व्यक्त किया है। लेकिन पुलिस ने बिना किसी आधार के ही स्मृति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस से स्मृति का उत्पीडऩ न कर आधारहीन मुकदमे को वापस लेने की मांग की है।

### राज्य मंत्री अजय भट्ट को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी। जंगलियागांव की समस्याओं को लेकर प्रधान राधा कुल्याल ने भीमताल पहुंचे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने जंगलियागांव से सीमाला मार्ग, बूडाधूरा मार्ग, नवनिर्मित पंचायत घर के आगे सुरक्षा दीवार, राइंका मैदान निर्माण, हर घर जल योजना के तहत कार्य शुरू कराने की मांग की। इस पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भट्ट ने जल्द विभागीय अधिकारियों का दौरा कराकर निरीक्षण करने का आश्वासन दिया।

### स्वयं सहायता समूह की 94 महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

हल्द्वानी। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से रामनगर में खाद्य पदार्थ बनाने वाले समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी दी गई। शुक्रवार को रामनगर नगरपालिका के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आदित्य कुमार पांडेय ने प्रशिक्षण दिया। महिला समूह को लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया, खाद्य पदार्थों में स्वच्छता और मानकों एवं सावधानियों की जानकारी दी गई। जिला अभिहीत अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिल्ली की एक सोसाइटी के द्वारा आयोजित किया गया। इसमें 94 महिलाएं शामिल हुईं।

### दूसरे दिन 1464 ने छोड़ी पीसीएस परीक्षा

हल्द्वानी। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की पीसीएस मुख्य परीक्षा शुक्रवार को भी जारी रही। हल्द्वानी के 6 केंद्रों में दो पालियों में 2554 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। जबकि 1464 गैरहाजिर रहे। तहसीलदार हल्द्वानी संजय कुमार ने बताया कि 26 फरवरी तक चलने वाली परीक्षा के लिए एमबीपीजी कॉलेज में दो, खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज और श्री गुरुतेग बहादुर स्कूल में एक-एक परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शुक्रवार को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक पहली पाली में पंजीकृत 2009 में से 1279 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे।

# चंपावत में सीएम की मॉर्निंग वॉक में दिखी जनता की सरकार जनता के द्वार की झलक





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चंपावत , 24 फरवरी , अपने चंपावत भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी मॉर्निंग वॉक पर निकले और इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों से बातचीत कर न केवल विकास कार्यों को लेकर फीडबैक लिया बल्कि आमजन की समस्याओं को भी जाना।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने जिला भ्रमण के दौरान प्रातः कालीन सैर पर अवश्य जाते हैं। रुद्रप्रयाग, पौड़ी, देहरादून आदि जगहों पर वे अक्सर ऐसा करते देखे गए हैं। ऐसा करने के पीछे उनका मकसद यही है कि वे बगैर किसी ताम झाम के बीच आमजन की वास्तविक समस्याओं को जानें और विकास कार्यों पर भी फीडबैक लें।

इसी क्रम में आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने चंपावत भ्रमण के दौरान प्रातः सैर पर निकले। धामी सर्किट हाउस से निकलते हुए ब्लॉक रोड स्थित नित्यानंद जोशी की चाय की दुकान पर पहुंचे और सबसे पहले सूर्य नमस्कार किया। फिर चाय की चुस्की के साथ नित्यानंद जोशी और अन्य लोगों से बात करते हुए उनका हाल चाल जाना। इस दौरान उन्होंने सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और विकास कार्यों पर चर्चा की। इसी दौरान वहां मौजूद मासूम रियांश से भी उन्होंने बातें की और अपना आशीर्वाद दिया।

इसके बाद वे नागनाथ वार्ड होते हुए निकले जहां उन्होंने पानी भर रही महिला से बातें की और पेयजल की स्थिति के बारे में जाना, जिस पर महिला ने मुख्यमंत्री को बताया कि पानी नियमित आ रहा है। उसके बाद मुख्यमंत्री मुख्य बाजार होते हुए गोरलचोड़ मैदान पहुंचे। मुख्य बाजार में उन्होंने दुकान स्वामियों से भी बात कर उनके हाल चाल जाने।गौरलचौड़ मैदान पंहुचकर मुख्यमंत्री ने वहॉ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की प्रेक्टिस कर रहे युवाओं से बातें की और उनका उनका उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# उत्तराखंड हेल्थ अथॉरिटी में निकली भर्तियां, जल्द करें आवेदन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 24 फ़रवरी , राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंड की ओर से रिक्त पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। कुल कितने पदों के लिए भर्ती निकली है, विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार निदेशक हॉस्पिटल मैनेजमेंट के पद के लिए एक नियुक्ति निकली है। इसके लिए राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार के उपक्रमों से वेतन स्तर-12 या उससे उच्च वेतन स्तर से सेवानिवृत्त एलोपैथिक चिकित्सा और कार्यरत एलोपैथिक चिकित्सा अधिकारी आवेदन कर सकते हैं।

निदेशक मेडिकल एवं क्वालिटी के 1 पद के लिए राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार के उपक्रमों से वेतन स्तर-12 या उससे उच्च वेतन स्तर से सेवानिवृत्त एलोपैथिक चिकित्सा अधिकारी व कार्यरत एलोपैथिक चिकित्सा अधिकारी आवेदन कर सकते हैं। प्रबंधक शिकायत निवारण के 2 पद खाली हैं।




इसके लिए वेतन स्तर-11 या उससे उच्च वेतन स्तर से सेवानिवृत्त एलोपैथिक चिकित्सा व कार्यरत एलोपैथिक चिकित्सा अधिकारी आवेदन कर सकते हैं। प्रबंधक क्लेम वेरिफिकेशन के 4 पद खाली हैं। इसके लिए भी राज्य सरकार व केंद्र सरकार के उपक्रमों से वेतन स्तर-11 या उसे उच्च वेतन स्तर से सेवानिवृत्त एलोपैथिक चिकित्सा व कार्यरत एलोपैथिक चिकित्सा अधिकारी आवेदन कर सकते हैं। उपरोक्त पदों पर मेडिकल क्लेम अप्रूवल, मेडिकल क्लेम रिव्यू एवं मेडिकल क्लेम प्रोसेसिंग में अनुभव रखने वाले आवेदक को वरीयता प्रदान की जाएगी। अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष है। उपरोक्त पदों के लिए शासन द्वारा नियुक्ति हेतु प्रचलित नियमों के अनुसार सेवा शर्तें एवं पारिश्रमिक निर्धारित किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार 12 मार्च तक dirit-shauk@uk.gov.in, itaauy@gmail.com पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## अवैध भंडारण की शिकायत पर तहसीलदार ने मारा छापा

रुद्रपुर। उकरौली खनन क्षेत्र में अवैध भंडारण की शिकायत पर तहसीलदार ने छापेमार कार्रवाई की, पर अवैध भंडारण नहीं मिला। तहसीलदार ने निजी खनन पट्टों का भी निरीक्षण किया। शुक्रवार को तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी राजस्व कर्मियों के साथ उकरौली गांव पहुंचे। तहसीलदार ने बताया कि गांव के खनन क्षेत्र में तीन जगहों पर अवैध भंडारण की शिकायत मिली। इस पर उन्होंने बताए स्थानों पर छापा मारा, लेकिन एक भी जगह अवैध भंडारण नहीं मिला। निजी पट्टों पर हो रहे खनन का मुआयना कर पट्टाधारकों को किसी भी तरह से अवैध खनन न करने और वाहनों में ओवरलोड उपखनिज न भरने के निर्देश दिए। उन्होंने रास्ते में खनन सामग्री से भरे वाहन भी चेक किए। इस दौरान राजस्व टीम के वाहन को देख एक वाहन स्वामी वाहन को छोडक़र फरार हो गया। बताया कि वाहन लॉक होने की वजह से उसे वहीं छोडऩा पड़ा।

## बजरंग दल ने की यूट्यूबर स्मृति नेगी पर कार्रवाई की मांग

रुद्रपुर। बीते दिनों नैनीताल में यूट्यूबर स्मृति नेगी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भगवान श्रीराम के नाम पर आपत्तिजनक पोस्ट अपलोड किया था। जिससे विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता भडक़ गए हैं। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने एसएसपी कार्यालय में प्रदर्शन कर यूट्यूबर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शुक्रवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एसपी सिटी मनोज कत्याल को तहरीर दी। उन्होंने कहा नैनीताल में 15 फरवरी को यूट्यूबर स्मृति ने अपने यूट्यूब चैनल में भगवान श्री राम के नाम को लेकर आपत्तिजनक वीडियो अपलोड किया था। जिसमें सनातन और शौर्य के प्रतीक भगवा ध्वज को आतंकवाद से जोडक़र भगवा आतंकवाद शब्दों का प्रयोग किया है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने यूट्यूबर स्मृति को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की। कहा अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। सुधाकर, द्विवेदी रहे।

## प्रतिबंधित मांस का धंधा करने वाले दो गिरफ्तार

रुद्रपुर। गदरपुर। पुलिस ने प्रतिबंधित मांस का धंधा करने वाले दो लोगों को पकड़ा है। उनके पास से मांस के टुकड़े व औजार बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गुरुवार को सूचना मिली कि कुछ लोग प्रतिबंधित मांस का अवैध धंधा कर रहे हैं। इस पर गदरपुर पुलिस और पशु चिकित्साधिकारी रवि शंकर झा की संयुक्त टीम ने वार्ड नंबर सात में हनीफ और शरीफ पुत्रगण अब्दुल लतीफ के घर छापेमार कार्रवाई की। दोनों के पास से प्रतिबंधित मांस के टुकडे समेत औजार बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

## ई -ग्राम स्वराज पोर्टल के बारे में दी जानकारी

कोटद्वार। पोखड़ा विकासखंड के ब्लॉक संकुल केंद्र में सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी व सहायक संस्था आईटीडीए कैल्क किशनपुरी की ओर से ई-पंचायतीराज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आरंभ खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश रावत व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी नमेंद्र सिंह रावत ने संयुक्त रूप से किया।

# शिक्षक कोर्ट केस वापस लें तो एक हफ्ते में सारे प्रमोशन : धन सिंह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 24 फ़रवरी। तदर्थ विनियिमित और सीधी भर्ती शिक्षकों के सीनियरटी विवाद में पिस रहे 2500 से ज्यादा शिक्षकों को राहत मिल सकती है। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रमोशन विवाद का हल निकालने के लिए 28 फरवरी को शिक्षक संगठनों की बैठक बुला ली है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि, सीनियरटी विवाद के कोर्ट के विचाराधीन होने की वजह से सरकार निर्णय लेने की स्थिति में नहीं है। यदि सभी शिक्षक अपने केस वापस ले लेते हैं तो एक हफ्ते के भीतर सभी प्रमोशन कर दिए जाएंगे। तदर्थ विनियिमित शिक्षकों को वर्ष 1995 के जीओ के अनुसार नियुक्ति तारीख से सीनियरटी न देने के आदेश को लोक सेवा अभिकरण निरस्त कर चुका है। पिछले साल 21 अप्रैल 2022 को अभिकरण यह फैसला देते हुए सरकार को तीन महीने के भीतर इस विवाद का निस्तारण करने के आदेश दिए। सरकार के स्तर पर तीन महीने में फैसला नहीं कर पाई।

इस बीच सीधी भर्ती शिक्षकों ने अभिकरण के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में केस दायर कर दिया। विभाग भी इस विषय में कोर्ट गया है। इस वजह से 2200 से ज्यादा एलटी शिक्षक और करीब 300 एलटी व प्रवक्ता के हेडमास्टर पद पर प्रमोशन लटके हुए हैं।शिक्षा मंत्री ने कहा कि विभाग में हर कैडर में प्रमोशन किए जा चुके हैं। केवल एलटी शिक्षकों का प्रवक्ता कैडर में प्रमोशन का विषय लटका है। साथ ही हेडमास्टर के प्रमोशन भी नहीं हो पा रहे हैं। कोर्ट केस वापस होने पर तत्काल ही प्रमोशन शुरू कर दिए जाएंगे।



# यूकेडी का टीएचडीसी के खिलाफ प्रदर्शन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश, 24 फ़रवरी। उत्तराखंड क्रांति दल ने टीएचडीसी प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोला है। वे टीएचडीसी द्वारा सुरक्षा कर्मियों को निकाले जाने से नाराज हैं। उन्होंने टीएचडीसी प्रशासन पर सुरक्षा कर्मियों के उत्पीडऩ का आरोप लगाया और दुबारा बहाल करने की मांग की।

शुक्रवार को उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ता इंद्रमणि बडोनी चौक पर एकत्रित हुए। वहां से उन्होंने रैली निकालकर टीएचडीसी गेट पर प्रदर्शन किया। केंद्रीय महामंत्री संगठन मोहन सिंह असवाल ने कहा कि टीएचडीसी से निष्कासित किए गए सुरक्षा कर्मियों की बहाली की जानी चाहिए। आरोप लगाया कि टीएचडीसी प्रशासन जानबूझकर सुरक्षा कर्मियों का उत्पीडऩ कर रहा है और किसी न किसी बहाने से निष्कासित करने में लगा है। कहा कि टीएसडीसी की भर्तियों में 70 प्रतिशत आरक्षण स्थानीय और प्रदेश के नागरिकों को मिलना चाहिए। यूकेडी के प्रदर्शन के चलते तहसीलदार डा.अमृता शर्मा मौके पर पहुंची, उन्होंने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान वहां पुलिस बल भी तैनात रहा। प्रदर्शन करने वालों में युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट, महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना, महानगर जिला अध्यक्ष ऋषिकेश उपेंद्र सकलानी, रामेश्वरी चौहान, उषा चौहान, कमला राणा, बलवीर सिंह नेगी, गुलाब सिंह नेगी, सरोजिनी थपलियाल, बीना, शकुंतला कलूड़ा, हेमा जगूड़ी, संजीव भट्ट, संजय रावत, भरत सिंह, दरबार नैथानी, राकेश चमोली, बिपिन रावत, बीना, मीना जोशी, रामदेव, बबीता, मधु गैरोला आदि उपस्थित रहे।

# गोट वैली योजना के तहत प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया

बागेश्वर, 24 फ़रवरी। पशुपालन विभाग ने गोट वैली योजना के तहत प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। चयनित 100 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया। कपकोट को गोल वैली योजना से जोड़ा गया है। पशुपालक बकरी पालकर आजीविका को बेहतर कर सकेंगे। विकास खंड कपकोट पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख गोविंद दानू ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार पशुपालकों के लिए योजनाएं लाई है। गोट वैली के रूप में पशुपालकों को लाभ मिल रहा है। प्रशिक्षण में मार्गदर्शन, क्षमता विकास आदि को वह मन लगाकर सीखेंगे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. रवींद्र चंद्रा ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पशुपालक बकरी पालकर अपनी आजीविका बेहतर करेंगे। उन्हें पशुपालन विभाग हरसंभव मदद करेगा। बकरियों की प्रमुख नस्ल, बीमारी का उपचार, आवास की व्यवस्था आदि की भी जानकारी दी। इस दौरान डॉ. विजय कुमारडॉ. विनीता,डॉ. सुनीता, डा. कमल पंत, डा. गौरव, धाम सिंह आदि थे।

# नशाखोरी को रोकने लिए की जाए रैंडम चेकिंग : डीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग, 24 फ़रवरी । बढ़ती नशाखोरी को रोकने के लिए जिलाधिकारी द्वारा नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें एनसीओआरडी ऐक्ट 1985 में दिए गए नियमों पर चर्चा की गई। साथ ही नशाखोरी रोकने के प्रयासों पर विमर्श किया गया।



कलक्ट्रेट में आयोजित गोष्ठी में उत्तराखंड राज्य में बढ़ती नशाखोरी के नियंत्रण एवं राज्य में अफीम, खस खस एवं पोस्त की अवैध खेती को एनसीओआरडी ऐक्ट 1985 में वर्णित नियमों के अनुसार रोकने को लेकर चर्चा की गई। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता व सदस्य संयोजक पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग विशाखा अशोक भदाणे की मौजदूगी में हुई जिला स्तरीय एनसीओआरडी के सदस्यों के साथ मासिक बैठक आयोजित की गई। सदस्य संयोजक पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा अपेक्षा की गई है कि सम्पूर्ण राज्य को 2025 तक ड्रग्स फ्री किए जाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी को देखते हुए कार्यवाही की जा रही है। जनपद स्तर पर एन्टी नारकोटिक्स टीम का गठन है, जिसमें अन्य संबंधित विभागों से निरंतर सहयोग की जरूरत है। पुलिस अपने स्तर से स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। इस वर्ष अब तक पुलिस ने विभिन्न विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों व आम जनमानस के बीच जाकर 30 जागरुकता गोष्ठियां की हैं। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि नशे की प्रवृत्ति में पडऩे वाले व्यक्तियों एवं बच्चों को उचित मार्गदर्शन के लिए काउंसलर की तैनाती की जाए। नशाखोरी से संबंधित सूचनाओं के तात्कालिक आदान प्रदान के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में अफीम की खेती होने की सूचना मिले तो शीघ्र अवगत कराया जाए। जनपद में आगामी समय में होने वाली चारधाम यात्रा को देखते हुए नशे को लेकर रैण्डम चेकिंग की जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री आवास जा रहे बीएड टीईटी प्रशिक्षितों को पुलिस ने रोका, विवाद

देहरादून। सहायक अध्यापक भर्ती की काउंसिलिंग दोबारा शुरू करने की मांग लेकर बीएड टीईटी प्रशिक्षित महासंघ से जुड़े बेरोजगार शुक्रवार को भी यमुना कालोनी पहुंचे। लेकिन पुलिस ने उन्हें यमुना कालोनी गेट पर ही रोक दिया। जिससे वहां बेरोजगारों और पुलिसकर्मियों के बीच जमकर झड़प व कहासुनी हुई। इसके बाद बेरोजगार वहीं धरना प्रदर्शन करने लगे। प्रदेश अध्यक्ष संगीता शाह ने बताया कि विभाग ने वर्ष 2018, 2020 तथा 2021 में सहायक अध्यापक ( प्राथमिक ) के 3099 पदों पर विज्ञप्ति जारी की थी। मगर चार वर्षों से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद विभाग अभी तक मात्र 1700 पदों पर ही नियुक्ति पूर्ण कर सका है। शेष 1000 पदों पर भर्ती की नियुक्ति प्रक्रिया को बिना किसी ठोस कारण से रोका हुआ है। जिससे अपनी नियुक्ति का इंतजार कर रहे बीएड प्रशिक्षितों में भारी रोष है । कांग्रेस नेता पंकज क्षेत्री भी उनके समर्थन में पहुंचे और उनके साथ वहां धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान अरविंद राणा, राजीव बिट्टू, प्रताप,जगत किशोर, योगराज ,मनोज, वंदना, पूजा, प्रीति, रेखा और कविता सहित कई बेरोजगार मौजूद रहे।

### दून लाइब्रेरी भवन के लिए जताया सीएम का आभार

देहरादून। सेंट्रल गवर्मेंट लाइब्रेरी एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को दून लाइब्रेरी भवन के सभागार में चतुर्थ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें वक्ताओं ने दून मॉडर्न लाइब्रेरी भवन का निर्माण कार्य पूरा करवाने के लिए सरकार का आभार जताया। सम्मेलन में पुस्तकालय विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किये गए। इस दौरान, चंद्रशेखर तिवारी, रमेश गोयल, सीके मामिक, डॉ एके सुमन, जेबी गोयल आदि मौजूद रहे।

### फर्नीचर मंगाकर कारोबारी से ठग लिए 52 हजार रुपये

हल्द्वानी। मंडी गेट के पास फर्नीचर का कारोबार करने वाले को साइबर ठगों ने अपने जाल में फंसा लिया। फर्नीचर खरीदने का झांसा देकर 52 हजार रुपये ठग लिए। अब पीड़ित ने पुलिस से ठगी की रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है। ग्लोबल फर्नीचर नाम से दुकान चलाने वाले राजेंद्र कुमार का कहना है कि उन्हें फर्नीचर खरीदने के लिए एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने फर्नीचर की डिमांड देकर मिलिट्री ग्राउंड के गेट के पास भेजने के लिए कहा था। फर्नीचर भेजा गया तो वहां कोई नहीं मिला। फोन करने पर ठग ने मोबाइल बेंकिंग ऐप से एक रुपये ट्रांसफर करने को कहा। कहा कि एक रुपये आते ही फर्नीचर की रकम उनके खाते में ट्रांसफर हो जाएगी। जैसे ही उन्होंने एक रुपया ट्रांसफर किया उनके खाते से अलग-अलग किस्तों में 52003 रुपये निकाल लिए गए। उन्होंने पुलिस से ठग का पता लगाने और ठगी की रकम वापस दिलाने की मांग की है।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर हड़पी जमीन

ऋषिकेश। ग्रामसभा छिद्दरवाला में एक व्यक्ति की जमीन के दो लोगों ने फर्जी दस्तावेज तैयार करने के बाद उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। रायवाला पुलिस के मुताबिक रणदीप पुत्र स्व. सहदेव सिंह ग्रेवाल निवासी छिद्दरवाला ने शिकायत देकर बताया कि गांव में उसकी जमीन है। आरोप है कि श्यामपुर स्थित गढ़ी होशियरपुर निवासी रविंद्र पोखरियाल और उसके भाई सतेंद्र पोखरियाल पुत्र अतर सिंह ने जमीन के फर्जी विक्रय पत्र तैयार किए और जमीन कब्जा ली। नामजद तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 120बी, 467, 468 और 471 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष कुलदीप पंत ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

### 10 लीटर कच्ची शराब के साथ दो पकड़े

पिथौरागढ़। थल पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोगों को पकड़ा है। थानाध्यक्ष योगेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने पांखू क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान नंदन सिंह और महेश राम के पास से पांच-पांच लीटर शराब बरामद हुई। पुलिस ने दोनों लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### जिला स्थापना दिवस पर डीएम ने किया पौधरोपण

पिथौरागढ़। जिला स्थापना दिवस पर डीएम रीना जोशी ने स्कूली बच्चों के साथ पौधरोपण किया। शुक्रवार को नगर के भाटकोट स्थित आफीसर्स कॉलोनी में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान डीएम जोशी सहित ग्रीन वैली व सिटी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों की उपयोगिता भी बताई। यहां उमा चिलकोटी, हंसा जोशी, ललित मोहन कापड़ी, प्रभारी ईओ एनबी पांडे, वनक्षेत्राधिकारी दिनेश जोशी, उद्यान विभाग के कुंडल गिरी, रमेश चंद्र जोशी, कमल कुमार आदि मौजूद रहे।

### गुलदार के आतंक से लोग परेशान

पिथौरागढ़। वल्थी देवीबगड़ में लोग गुलदार के आतंक से परेशान हैं। स्थानीय निवासी पुष्पा देवी ने बताया कि आए दिन गुलदार आबादी के करीब पहुंच रहा है। इससे लोग डरे हुए हैं। बीते रोज गुलदार ने गोशाला में घुसकर उनकी गाय को मार डाला। उन्होंने घटना की सूचना वन विभाग को भी दी है। वन बीट अधिकारी त्रिलोक कोरंगा का कहना है कि गुलदार के खतरे को देखते हुए क्षेत्र में गश्त की जा रही है। उन्होंने लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की है।

### भाजपा किसान मोर्चा सम्मेलन में किसानों की समस्याओं पर चर्चा

अल्मोड़ा। रानीखेत जिला किसान मोर्चा का जिला स्तरीय सम्मेलन चौखुटिया लोनिवि विश्राम गृह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम शुभारंभ किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह पटवाल ने किया। सम्मेलन में किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए किसान सम्मान निधि में आ रही परेशानियों को दूर करने सहित संगठन के क्रिया कलापों की जानकारी देते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया। साथ ही किसानों का उत्पादन कैसे बढ़े, उत्पादन व मार्केटिंग की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने की बात वक्ताओं ने कही। यहां जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह संगेला, मंडल अध्यक्ष नारायण सिंह रौतेला, बग्वालीपोखर मंडल के अध्यक्ष महेश कैड़ा, सल्ट मंडल के किसान मोर्चा के अध्यक्ष वीरेंद्र विक्रम, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह संगेला, पूर्व मंडल महामंत्री मुकेश पांडे, मंडल उपाध्यक्ष राम सिंह रौथाण, नारायण दत्त उप्रेती, तारा सिंह नेगी, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह कोटवाल, दीपू खत्याड़ी, किसान मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी कुलदीप आर्या मौजूद रहे। संचालन पूर्व मंडल महामंत्री मोहन मेहरा ने किया।

# सेमीफाइनल की हार के साथ भारत का विश्व कप का सपना टूटा




केप टाउन 24 फरवरी (एजेंसी)। कप्तान हरमनप्रीत कौर (52) के अर्द्धशतक और जेमिमा रॉड्रिग्स (43) की विस्फोटक पारी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी20 विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में भारत को पांच रन से हराकर एक बार फिर टूर्नामेंट जीतने का उसका सपना तोड़ दिया।

पिछले टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत को मात देने वाली ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी (54) और मेग लैनिंग (49) की पारियों की बदौलत भारत के सामने 173 रन का लक्ष्य रखा। हरमनप्रीत-जेमिमा के प्रयासों के बावजूद भारतीय टीम 20 ओवर में 167 रन ही बना सकी।

मूनी ने ऑस्ट्रेलिया के लिये बड़े स्कोर की नींव रखते हुए 37 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के के साथ 54 रन बनाये। लैनिंग ने 34 गेंद पर चार चौकों और दो छक्कों के साथ 49 रन की पारी खेली।

बुखार से उठकर मैच खेल रहीं कप्तान हरमनप्रीत ने भारतीय पारी की अगुवाई करते हुए 34 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के के साथ 52 रन बनाये, जबकि जेमिमा ने 24 गेंद पर छह चौकों के साथ 43 रन की विस्फोटक पारी खेली। हरमनप्रीत-जेमिमा की जोड़ी भारत को जीत की ओर ले जा रही थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने 11वें ओवर में जेमिमा का विकेट निकालकर भारत को झटका दिया। हरमनप्रीत ने इसके बाद भी विस्फोटक बल्लेबाजी जारी रखी, लेकिन 15वें ओवर में उनके दुर्भाग्यपूर्ण रनआउट के साथ भारत का टी20 विश्व कप जीतने का सपना चकनाचूर हो गया।

पांच बार की टी20 विश्व कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अपना छठा खिताब जीतने से सिर्फ एक कदम दूर है। रविवार को होने वाले फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका में से किसी एक से होगा।

ऑस्ट्रेलिया के विशाल स्कोर का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दोनों सलामी बल्लेबाजों के बाद तीसरे नंबर का खिलाड़ी भी दहाई का आंकड़ा छुए बिना आउट हो गया। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (नौ) और स्मृति मंधाना (दो) पगबाधा आउट हुए, जबकि यास्तिका भाटिया (चार) रनआउट होकर पवेलियन लौट गयीं।

हरमनप्रीत और जेमिमा ने शुरुआती झटकों के बाद भी तेजी से रन जोडऩा जारी रखा। दोनों बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में 59 रन जोड़ लिये। हरमनप्रीत-जेमिमा ने चौथे विकेट के लिये 69 रन की साझेदारी करके भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। भारत लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा था लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने जेमिमा का विकेट लेकर मैच में वापसी की।

जेमिमा के आउट होने के बाद कुछ देर के लिये रनगति धीमी पड़ी लेकिन 14वें ओवर में हरमनप्रीत और ऋचा घोष एक-एक चौका लगाकर पारी को फिर से पटरी लाईं। हरमनप्रीत ने अगले ओवर में दो चौके जडक़र अपना अर्द्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर वह दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रनआउट हो गयीं। हरमनप्रीत इस गेंद पर दूसरा रन लेते हुए क्रीज़ के करीब आ गयी थीं, लेकिन बल्ला पिच पर फंसने के कारण वह क्रीज़ तक नहीं पहुंच सकी।

कप्तान हरमनप्रीत के विकेट के बाद ऑस्ट्रेलिया का भाग्य खुल गया और उसने मैच को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में कर लिया। अगले ही ओवर में ऋचा घोष भी 17 गेंद पर 14 रन बनाकर आउट हो गयीं।

भारत को आखिरी दो ओवरों में 20 रन चाहिये थे। जेस जॉनसन ने 19वें ओवर में कसी हुई गेंदबाजी करते हुए सिर्फ चार रन दिये और स्नेह राणा (11) विकेट भी लिया। दीप्ति शर्मा (17 गेंद, 20 रन) के प्रयास के बावजूद भारत आखिरी ओवर में 10 रन ही जोड़ सका। इससे पूर्व, ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली को रन बनाने के लिये संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने मूनी के साथ पहले विकेट के लिये 52 रन जोड़े लेकिन वह कभी भी लय हासिल नहीं कर सकीं और आठवें ओवर में 26 गेंद पर 25 रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं।

भारतीय गेंदबाजों ने भी शुरुआती ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की और ऑस्ट्रेलिया आधी पारी समाप्त होने तक सिर्फ 69 रन ही जोड़ सका।

मूनी ने 11वें ओवर में दो चौके जडक़र रफ्तार बढ़ाने का प्रयास किया लेकिन वह ओवर की चौथी गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौट गयीं। ऑस्ट्रेलिया को पारी के समापन से पहले बड़े ओवरों की जरूरत थी, जो एशले गार्डनर ने उन्हें दिये। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं गार्डनर ने 18 गेंद पर पांच चौकों के साथ ताबड़तोड़ 31 रन बनाये। दीप्ति शर्मा ने 18वें ओवर में गार्डनर को एक शानदार यॉर्कर पर बोल्ड कर दिया, लेकिन तब तक वह अपना काम कर चुकी थीं। गार्डनर के पवेलियन लौटने पर लैनिंग ने अंतिम दो ओवरों में हाथ खोले। गार्डनर-लैनिंग के प्रयासों से ऑस्ट्रेलिया अंतिम पांच ओवर में 59 रन जोडक़र 20 ओवर में 172/4 के स्कोर तक पहुंचा गया।

भारत की ओर से शिखा पांडे ने चार ओवर में 32 रन देकर दो विकेट लिये, जबकि दीप्ति (चार ओवर, 30 रन) और राधा यादव (चार ओवर, 35 रन) को एक-एक सफलता हासिल हुई। रेणुका चार ओवर में 41 रन देकर सबसे महंगी गेंदबाज साबित हुईं।

गौरतलब है कि यह महिला टी20 विश्व कप का आठवां आयोजन है और ऑस्ट्रेलिया ने कुल सातवीं बार फाइनल में जगह बनायी है। उसे फाइनल में सिर्फ एक बार (2016, वेस्ट इंडीज) हार मिली है।

# भारत दौरे पर मैक्सवेल, मार्श की वनडे टीम में वापसी

मेलबर्न 24 फरवरी,(एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के विरुद्ध मार्च में होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिये ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल मार्श को टीम में शामिल किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इसकी जानकारी दी।

मार्श को टखने की सर्जरी के कारण तीन महीने के लिये क्रिकेट से दूर कर दिया गया था, जबकि मैक्सवेल नवंबर में एक दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में अपना पैर फ्रैक्चर करवा बैठे थे। मैक्सवेल अपनी सर्जरी और रिहैब से गुजऱने के बाद फिलहाल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में विक्टोरिया के लिये खेल रहे हैं, जबकि मार्श इस सप्ताहांत लिस्ट-ए क्रिकेट में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिये खेल सकते हैं। दोनों खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच जारी टेस्ट सीरीज के समापन के बाद मुंबई (17 मार्च), विशाखापटनम (19 मार्च) और चेन्नई (22 मार्च) में होने वाले एकदिवसीय मुकाबलों के जरिये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे।

सीए ने बताया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट के बाद घर लौटने वाले डेविड वॉर्नर भी एकदिवसीय सीरीज में हिस्सा लेंगे। वॉर्नर को दूसरे टेस्ट के दौरान कंकशन और कोहनी में हेयरलाइन फ्रैक्चर होने के कारण ऑस्ट्रेलिया लौटना पड़ा था। नवंबर में इंग्लैंड के विरुद्ध वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले ट्रैविस हेड भारत में भी वॉर्नर के साथ सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभा सकते हैं।

भारत के विरुद्ध टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके तेज गेंदबाज जॉश हेज़लवुड वनडे सीरीज में भी नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि जून में इंग्लैंड के विरुद्ध होने वाली एशेज़ टेस्ट सीरीज को ध्यान में रखते हुए हेज़लवुड को आराम दिया गया है।

बेली ने कहा, जॉश का इस सीरीज में खेलना बहुत अच्छा होता लेकिन हमने इंग्लैंड दौरे को ध्यान में रखते हुए सतर्कता बरती है जहां वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

बेली ने कहा, विश्व कप सिर्फ सात माह दूर है और भारत में ये मैच हमारी तैयारी का अहम हिस्सा हैं। ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल मार्श और झे रिचर्डसन संभवत : अक्टूबर में हमारी टीम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से ठीक पहले सितंबर में भी एक बार भारतीय सरजमीन पर वनडे सीरीज खेली।

ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम : पैट कमिंस (कप्तान), शॉन एबॉट, एश्टन आगर, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जॉश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, झे रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टॉइनिस, डेविड वार्नर, एडम ज़ैम्पा।

भारतीय स्चड : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, के एल राहुल, ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, जयदेव उनादकट।

# सेमीफाइनल से चंद घंटे पहले टीम इंडिया को तगड़ा झटका, ये ऑलराउंडर बाहर; कप्तान पर भी संशय

नई दिल्ली 24 फरवरी,(एजेंसी)। टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल से पहले टीम इंडिया के लिए एक बुरी खबर सामने आई है। टीम इंडिया को ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर के रूप में बड़ा झटका लगा है, जो टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। हालांकि, अच्छी बात ये है कि भारतीय टीम मैनेजमेंट ने रिप्लेसमेंट मांग लिया है, जिसकी पुष्टि खुद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने कर दी है।

24 ञ्ज20 इंटरनेशनल मैचों समेत कुल 47 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी स्नेह राणा को भारत की टीम में शामिल किया गया है। पूजा वस्त्राकर को ऊपरी श्वसन पथ के संक्रमण के कारण साउथ अफ्रीका में जारी टी20 विश्व कप 2023 से बाहर होना पड़ा है। उन्हीं के रिप्लेसमेंट के तौर पर स्नेह राणा भारत की फाइनल फिफ्टीन का हिस्सा होंगी। भारतीय टीम को आज यानी 23 फरवरी 2023 को ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत और मौजूदा चैंपियन टीम के खिलाफ आईसीसी वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2023 का सेमीफाइनल मुकाबला खेलना है। पूजा वस्त्राकर लय में नजर आ रही थीं, लेकिन अब वे टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। आईसीसी की इवेंट टेक्निकल कमिटी ने पूजा वस्त्राकर के रिप्लेसमेंट को अप्रूवल दिया है। ऐसे में स्नेह राणा सेमीफाइनल मैच में खेलने योग्य हो गई हैं।

कप्तान भी बीमार : भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भी बीमार बताई जा रही हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो हरमनप्रीत कौर और पूजा वस्त्राकर बुधवार की शाम को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुई हैं। वस्त्राकर बाहर हो गई हैं, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर पर मैच से पहले फैसला लिया जाएगा। अगर वे पूरी तरह फिट नहीं होती हैं तो स्मृति मंधाना कप्तानी करती नजर आएंगी और भारतीय टीम में कई बदलाव देखने को मिलेंगे।

टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), यस्तिका भाटिया, हरलीन देओल, राजेश्वरी गायकवाड़, ऋचा घोष, शिखा पांडे, जेमिमा रोड्रिग्स, अंजलि सरवानी, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह, देविका वैद्य, पूजा वस्त्रकार, शैफाली वर्मा और राधा यादव।

# निगरानी समिति का कार्यकाल दो हफ्ते के लिए बढ़ाया गया

नयी दिल्ली 24 फरवरी,(एजेंसी)। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे आरोपों की जांच के लिये गठित निगरानी समिति का कार्यकाल दो हफ्तों के लिये बढ़ा दिया है। मंत्रालय ने विज्ञप्ति में बताया कि निगरानी समिति ने अपनी रिपोर्ट जमा करने की आखिरी तिथि बढ़ाने का निवेदन किया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। इस फैसले के आधार पर यह समिति कुश्ती महासंघ का दैनिक कामकाज भी जारी रखेगी। गौरतलब है कि विश्व चैंपियनशिप मेडलिस्ट बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सहित कई सुसज्जित पहलवानों ने जनवरी में कुश्ती महासंघ के विरुद्ध धरना प्रदर्शन करते हुए अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीडऩ और जान से मारने की धमकी देने जैसे संगीन आरोप लगाये थे। खेल मंत्रालय ने इन आरोपों की जांच के लिये 24 जनवरी को एमसी मैरीकॉम की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय निगरानी समिति का गठन किया और बृजभूषण को जांच पूरी होने तक अध्यक्ष पद से हटने के आदेश दिये गये थे। तत्कालीन सूचना के अनुसार इस समिति को जांच पूरी करने के लिये एक महीने का समय दिया गया था। मंत्रालय ने बयान में कहा था, निगरानी समिति विश्व चैंपियन मैरी कॉम की अध्यक्षता में होगी। उनके साथ, योगेश्वर दत्त, द्रोणाचार्य अवार्डी तृप्ति मुर्गुंडे, पूर्व टॉप्स सीईओ राजगोपालन और साई टीम की पूर्व कार्यकार अध्यक्ष राधिका श्रीमान समिति का हिस्सा होंगे। मंत्रालय ने बाद में इस समिति में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता बबीता फोगाट को भी शामिल किया। गौरतलब है कि मैरी कॉम और योगेश्वर दत्त को मामले की जांच के लिये भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा गठित सात-सदस्यीय समिति का हिस्सा भी हैं।

# अखिल भारतीय ताइचंडो चैंपियनशिप आज से

नयी दिल्ली 24 फरवरी,(एजेंसी)। कोरियाई सांस्कृतिक केंद्र भारत और कोरिया के राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और कोरिया राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर अखिल भारतीय अंतर साई ताइचंडो चैंपियनशिप की सह-मेजबानी करेगा जिसकी शुरुआत शुक्रवार को होगी। दोनों देशों के बीच खेल विनिमय कार्यक्रम के रूप में होने वाला यह तीन दिवसीय आयोजन इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के केडी जाधव हॉल में होगा।

खेल मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस चैंपियनशिप की योजना कोरिया और भारत के बीच राजनयिक संबंधों के 50वें वर्ष को मनाने और ताइचंडो को पुनर्जीवित करने के लिये बनाई गई है। मंत्रालय ने कहा कि यह खेल दोनों देशों के बीच एक प्रमुख खेल आयोजन के रूप में भविष्य की नींव रखता है। चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, भारत में कोरियाई राजदूत चांग जे बोक, उप मंत्री एवं कोरियाई विदेश मंत्रालय के सार्वजनिक कूटनीति के राजदूत ली सांग हवा और कोरिया राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के चांसलर अहं योंग क्यू बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। तीन दिवसीय ताइचंडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता 'पूमसे' और 'क्योरुगी' सहित दो भागों में होगी। क्योरुगी डिवीजन को विश्व ताइचंडो महासंघ के प्रतियोगिता नियमों (खिलाडियों की उम्र, वजन) के अनुसार विभाजित किया गया है जबकि पूमसे डिवीजन को केवल पुरुषों और महिलाओं के आधार पर विभाजित किया जायेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण के 79 क्षेत्रीय केंद्रों और क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों में पंजीकृत केवल विशिष्ट ताइचंडो खिलाड़ी ही क्योरुगी श्रेणी में भाग लेंगे। पूमसे श्रेणी आम जनता के लिये खुली रहेगी। कोई भी कुक्कीवोन-प्रमाणित ताइचंडो डैन प्रमाणपत्र के साथ भाग ले सकता है।

मंत्रालय के अनुसार, 10 क्योरूगी और दो पूमसे विजेता कोरियाई सरकार के समर्थन से कोरिया राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे और पुरस्कार के रूप में तीन सप्ताह के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रोफेसरों के अधीन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

# 27 फरवरी को सीएम करेंगे श्रीदेव सुमन विवि कैंपस में निर्माण कार्यों का शिलान्यास

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश 24 फ़रवरी। श्रीदेव सुमन विवि कैंपस ऋषिकेश में 27 फरवरी को सीएम पुष्कर सिंह धामी पहुंचेंगे। वह महाविद्यालय में लगभग 25 करोड़ की लागत से बनने वाले प्रशासनिक व शैक्षणिक भवन का शिलान्यास करेंगे। शुक्रवार को बैराज मार्ग स्थित कैंप कार्यालय में कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने श्रीदेव सुमन विवि के कुलपति व प्रोफेसरों संग बैठक की। उन्होंने कहा कि श्रीदेव सुमन कैंपस पर 25 करोड़ 19 लाख 15 हजार की लागत से प्रशासनिक व शैक्षणिक भवन का शिलान्यास होना है। यह सौभाग्य की बात है कि सीएम पुष्कर सिंह धामी 27 फरवरी को ऋषिकेश विधानसभा की जनता के बीच होंगे। कार्यक्रम के तहत युवाओं को प्रेरित करने वाले नशा मुक्ति कार्यक्रम भी किए जाएंगे। कहा कि ऋषिकेश विधानसभा में हो रहे विकास कार्यों सहित राज्य में महिला आरक्षण, नकल विरोधी कानून जैसे अन्य जनहित फैसलों को लेकर सीएम का आभार प्रकट किया जाएगा। मौके पर कुलपति प्रोफेसर एमएस रावत, कुलसचिव



प्रोफेसर हेमराज भट्ट, प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर गुलशन ढींगरा, परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर वीपी श्रीवास्तव, सहायक परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर हेमंत बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

# तहसील क्षेत्र के सभी कार्यालय चकराता से संचालित किए जाएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर 24 फ़रवरी। चकराता ब्लॉक के सरकारी कार्यालयों को कालसी, पछुवादून से संचालित किए जाने को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश पनप रहा है। शुक्रवार को स्थानीय जनता ने पुरोड़ी में बैठक कर सरकार से सभी कार्यालय मूल जगहों से ही संचालित करने की मांग की गई। बैठक में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता भीमदत्त वर्मा ने कहा कि एक ओर सरकार पहाड़ों से पलायन रोकने के लिए गांवों में हर सुविधा मुहैया कराने का दावा कर रही है। वहीं, दूसरी ओर पहाड़ी क्षेत्रों में संचालित हो रहे कार्यालयों को अधिकारी अपनी मर्जी से मैदानी क्षेत्रों में स्थानांतरित कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को अपने आवश्यक कार्यों के लिए कई किमी का चक्कर काटना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि चकराता ब्लॉक से सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग, वन विभाग, जल संस्थान, जल निगम समेत अन्य कई सरकारी कार्यालय कालसी और विकासनगर से संचालित हो रहे हैं। ग्रामीणों को अपने काम के लिए कालसी और विकासनगर की दौड़ लगानी पड़ती है। पूर्व प्रधान मोहन शर्मा ने कहा कि बरसात और बर्फबारी के दौरान कई दिनों तक क्षेत्र के प्रमुख और संपर्क मार्ग बंद हो जाते हैं, जिससे ग्रामीण अपने काम के सिलसिले में कार्यालयों तक नहीं पहुंच पाते हैं। कहा कि चकराता तहसील क्षेत्र अधिकांश गांव दुर्गम क्षेत्रों में स्थित हैं। जिससे ग्रामीणों को चकराता तक पहुंचने में ही तीन से चार घंटे का समय लग जाता है। विकासनगर स्थित कार्यालयों में आने के लिए दो दिन का समय लग जाता है, लेकिन विकासनगर के महंगे होटलों में रहना आर्थिक तौर पर कमजोर वर्ग के ग्रामीणों के लिए मुश्किल हो जाता है। ऐसे में कई ग्रामीण सरकारी कार्यालयों में अपना काम करवा नहीं पाते हैं। बैठक में स्थानीय लोगों ने निर्णय लिया कि फरवरी माह के अंत तक सभी सरकारी कार्यालयों को चकराता से संचालित करने के लिए सकारात्मक कार्यवाही नहीं होने पर मार्च माह के दूसरे पखवाड़े आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

## पेयजल योजनाओं की गुणवत्ता की जांच तीसरी एजेंसियों से करानी की सीएम से की मांग

विकासनगर 24 फ़रवरी। पेयजल मिशन योजना के तहत जौनसार बाबर क्षेत्र मे घर-घर नल, हर घर जल पर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन कार्य की गुणवत्ता को देखने वाला कोई नहीं। स्थानीय ग्रामीणों व समाजिक कार्यकर्ताओं ने मुख्यमन्त्री को प्रेषित ज्ञापन में स्वतंत्र एजेन्सी से जांच करने की मांग की। सीएम को प्रेषित ज्ञापन मे सामजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि जौनसार बाबर क्षेत्र मे घर घर नल हर घर जल पेयजल मिशन के तहत करोड़ों रुपये खर्च हो रहे। लेकिन सरकार ने कार्यदायी दोनों विभाग पेयजल निगम, जल संस्थान व ठेकेदार की निगरानी के लिए अन्य कोई रेंडम एजेंसी विभाग को नहीं लगाया गया है। समाजसेवियों का कहना है कि कई गांव जैसे रड्डू, सारनी, शूनीर, भगवत, छुमरा, पेनूवा आदि में कार्य की गुणवत्ता को लेकर कई शिकायतें की गयी, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। जिससे विभाग व ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहे हैं।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने किया खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय का घेराव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर 24 फ़रवरी। ब्लॉक क्षेत्र के छोटूवाला स्थित सरकारी विद्यालय में शिक्षिकाओं के बीच हो रहे आपसी विवाद से नौनिहालों की पढ़ाई हो रहे नुकसान और शिक्षिकाओं द्वारा विद्यालय परिसर का बंटवारा किए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय का घेराव कर जमकर हंगामा काटा। आक्रोशित ग्रामीणों ने कार्यालय में सक्षम अधिकारी के नहीं मिलने पर तालेबंदी कर धरना-प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे बाद खंड शिक्षाधिकारी के पहुंचने पर ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच वार्ता शुरू हुई। ग्रामीण दोनों ही विद्यालयों में तैनात शिक्षिकों का अन्यत्र तबादला करने की मांग पर पड़ अड़े रहे।

बीईओ ने ग्रामीणों को जल्द उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय छोटूवाला और उच्च प्राथमिक विद्यालय छोटूवाला एक ही परिसर में संचालित होता है। दोनों ही विद्यालयों में तैनात शिक्षिकाओं का लंबे समय से आपसी विवाद चल रहा है, जिसका खामियाजा नौनिहालों को



भुगतना पड़ रहा है। बताया कि तीन दिन पूर्व दोनों ही विद्यालयों की शिक्षिकाएं नौनिहालों के सामने ही आपस में भिड़ गई थी। जिसके बाद शिक्षिकाओं ने विद्यालय प्रांगण का ही बंटवारा कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय में शिक्षिकाओं के बीच हर दिन विवाद होता रहता है, जिससे नौनिहालों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बादामावाला पंचायत के उप प्रधान रोहित कुमार ने कहा कि शिक्षा विभाग के ब्लॉक मुख्यालय से विद्यालय की दूरी मात्र एक किमी है, बावजूद इसके अधिकारी विद्यालय में जाकर शिक्षिकाओं की मनमानी को रोकने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। कहा कि शिक्षिकाएं दोनों ही विद्यालयों में अध्ययनरत नौनिहालों को भी एक दूसरे से मिलने से रोककर उनके बीच में भी मनमुटाव पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दोनों ही विद्यालयों में तैनात सभी शिक्षिकाओं का अन्यत्र तबादला किया जाना चाहिए। धरना, प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने एक घंटे तक कार्यालय में तालाबंदी कर नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालों में ग्राम प्रधान नरेंद्र तोमर, क्षेत्र पंचायत सदस्य आशा चौहान, गिरीश डालाकोटी, भूपेंद्र सिंह डोगरा, कुंवर पाल, प्रेम सिंह, करम सिंह, सपना चौहान, सुमन, दीपा, संतोशी देवी, शंकुतला देवी, विमला देवी, बबीता चौहान, सुकेश उनियाल, हरी प्रवेश कपिल, सुनीता देवी आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 25 और 26 मार्च को

ऋषिकेश। ऋषिकेश बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन 25 व 26 मार्च को बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप आयोजित करेगा। जिसमें मिस्टर हिमालय को 51 हजार रुपये, मिस्टर उत्तराखंड को 25 हजार रुपये और मैन फिजिक्स को 15 हजार रुपये, मिस्टर ऋषिकेश को 15 हजार रुपये और वूमेन फिजिक्स को 11 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। शुक्रवार को ऋषिकेश बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन ने बंगाली मंदिर रोड स्थित एक होटल में बैठक की। बैठक में अध्यक्ष प्रदीप कोहली व महासचिव विवेक तिवारी ने कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिसमें रवि नेगी को कोषाध्यक्ष, राज वर्मा, नीरज शर्मा, राकेश कुमार, साकेत बिजल्वाण को उपाध्यक्ष, विकास सेमवाल को सह सचिव, नीरज चौहान, अभिषेक रावत को प्रचार प्रसार विज्ञापन प्रमुख, रंजन अंथवाल को मीडिया कॉर्डिनेटर बनाया गया। ऑर्गेनाइजिंग कमेटी में अश्वनी गुप्ता, राजेंद्र बिष्ट, अरविंद नेगी, भारती गर्ग, रंजन अंथवाल, विवेक शर्मा, ऋषभ जैन तथा वर्किंग कमेटी में अमित कश्यप, आदेश कुमार, अशोक रावत, हनी पंवार, अभिषेक कुमार, रवि ठाकुर, अमनदीप नेगी और दीपक कल्याणी को रखा गया। संरक्षक मंडल में शैलेंद्र बिष्ट, कपिल गुप्ता, सुधीर राय, संजीव चौहान, प्रतीक कालिया, वीरेंद्र रमोला होंगे। अध्यक्ष प्रदीप कोहली ने कहा कि एसोसिएशन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 व 26 मार्च को बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप कराई जाएगी। जिसमें पुरस्कार धनराशि मिस्टर हिमालय 51 हजार रुपये, मिस्टर उत्तराखंड में 25 हजार रुपये, मैन फिजिक्स 15 हजार रुपये, मिस्टर ऋषिकेश 15 हजार रुपये और महिलाओं के लिए बॉडी बिल्डिंग में बढ़ावा देने के लिए वूमेन फिजिक्स में 11 हजार रुपये का नगद पुरस्कार रखा गया। महासचिव विवेक तिवारी ने कहा कि 18 मई को पूर्व प्रधान स्व. प्रेम सिंह बिष्ट की जयंती पर एसोसिएशन रक्तदान शिविर आयोजित करेगा। मौके पर राकेश कुमार, आदेश कुमार, राजेंद्र बिष्ट, अश्वनी गुप्ता, अभिषेक कुमार, वीरेंद्र रमोला, मोर सिंह रावत, प्रवीण सिंह सजवान, नीरज शर्मा, अमित कश्यप, विवेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### हैकथॉन में दून इंटरनेशनल स्कूल रहा विजेता

ऋषिकेश। मॉम्स रायवाला में इंटर स्कूल गणित हैकथॉन का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने गणित से जुड़े क्विज को हल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में दून इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम और दिल्ली पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शुक्रवार को मॉम्स रायवाला में इंटर स्कूल गणित हैकथॉन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ हरिद्वार के उद्यमी राजीव भल्ला, विद्यालय निदेशक अर्पित पंजवानी और ट्रस्टी निकिता पंजवानी ने किया। इस मौके पर राजीव भल्ला ने कहा कि इस प्रकार की क्विज प्रतियोगिताएं बच्चों के लिए जरूरी है। इससे बच्चों का मानसिक विकास होता है। अर्पित पंजवानी ने कहा कि प्रतियोगिता में दून इंटरनेशनल स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल दौलतपुर, दून कैंब्रिज स्कूल, आर्मी पब्लिक स्कूल रायवाला ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में दून इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम और दिल्ली पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समापन अवसर पर विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया।

### जी-20 सम्मेलन को जौलीग्रांट एयरपोर्ट में तैयारियां शुरू

ऋषिकेश। जी-20 सम्मेलन के लिए जौलीग्रांट एयरपोर्ट प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। एयरपोर्ट परिसर पर पार्किंग और रंगाई पुताई को लेकर कार्य शुरू किया जा रहा है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट के डायरेक्टर प्रभाकर मिश्रा ने कहा कि भारत को जी 20 सम्मेलन की मेजबानी मिली है। जानकारी के अनुसार जी-20 के दौरान एक सम्मेलन ऋषिकेश में भी होना है। ऐसे में जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर ही सभी अतिथियों का आगमन होगा। जिसको लेकर एयरपोर्ट में तैयारियां शुरू कर दी गई है। पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था बनाई जा रही है। परिसर में बने टैक्सी यूनियन का कार्यालय और पोस्ट ऑफिस को नई टर्मिनल की तरफ आगे की ओर शिफ्ट करवाया जाएगा। इसके साथ ही एयरपोर्ट में रंगाई पुताई का कार्य भी शुरू किया जा रहा है। वहीं रानीपोखरी-ऋषिकेश मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य भी शुरू हो गया है। सडक़ के दोनों ओर मिट्टी डालकर सडक़ चौड़ी की जा रही है।

### रोटरी क्लब का कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण और कैलिपर्स दिव्यांग शिविर आज से

ऋषिकेश। रोटरी क्लब ऋषिकेश 25 फरवरी से तीन दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण एवं कैलिपर्स दिव्यांग शिविर आयोजित करेगा। जिसमें दिव्यांगों को सहायक मशीनें और कृत्रिम अंग लगाए जाएंगे। रोटरी क्लब ऋषिकेश के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने कहा कि जयराम आश्रम ऋषिकेश में 25 से 27 फरवरी तक निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण कैलिपर्स दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन रोटरी क्लब ऋषिकेश, माहेश्वरी ट्रस्ट फरीदाबाद और दिल्ली मारवाड़ी युवा मंच द्वारा किया जा रहा है। सचिव विशाल तायल ने कहा कि रोटरी क्लब पिछले कई वर्षों से दिव्यांग लोगों की सहायता के लिए निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण एवं कैलिपर्स उपलब्ध करवा रहा है। शिविर का शुभारंभ एम्स ऋषिकेश की निदेशक प्रो. मीनू सिंह द्वारा किया जाएगा। शिविर में दिव्यांग व्यक्तियों को कान की मशीन एवं व्हीलचेयर के अतिरिक्त ट्राई साइकल भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस कार्य में माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के कमल गुप्ता, सरवण मीमानी, हुलासस गटानी, मोहित, दिल्ली मारवाड़ी युवा मंच के अतिरिक्त ऋषिकेश रोटरी क्लब के तमाम सदस्य प्रतिभाग करेंगे। यह कैंप उत्तराखंड और राज्य की सीमा से सटे जिलों के लोगों की सहायता के लिए लगाया जा रहा है। कैंप में भाग करने वाले लाभार्थियों को क्लब की ओर से रहने और खाने की व्यवस्था निशुल्क की जाएगी। जिसमें लाभार्थियों को अपना रजिस्ट्रेशन कराने के लिए आधार कार्ड लाना आवश्यक है। राकेश अग्रवाल ने बताया कि लाभार्थियों को क्लब की ओर से सर्टिफिकेट भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

### जमीन और मकान नहीं छोडऩे को एकजुट हुए ग्रामीण

ऋषिकेश। रामनगर डांडा के ग्रामीणों ने भू-माफिया के खिलाफ हल्ला बोला है। उन्होंने भू-माफिया पर जमीन और मकानों को खाली करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से इस समस्या के समाधान की गुहार लगाई है। शुक्रवार को रामनगर डांडा में ग्रामीणों ने बैठक आयोजित की। बैठक में स्थानीय निवासी दिनेश कुमार ने कहा कि डोईवाला तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर डांडा में 40 वर्ष पहले तीन निर्धन परिवारों को ग्राम पंचायत ने भूमि दी थी। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान भी बनाए गए हैं। घरों में बिजली और पानी के कनेक्शन भी हैं। लेकिन अब इस भूमि पर प्रॉपर्टी डीलरों की नजर पड़ चुकी है, जिसके चलते उन पर मकानों को खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है। सुमित्रा देवी ने कहा कि वे इस जगह पर 40 वर्षों से झोपड़ी और मकान बनाकर रह रहे हैं। उनके पास अन्यत्र भूमि खरीदने के पैसे तक नहीं है।

# एसएसपी श्वेता चौबे ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



पौड़ी, 24 फ़रवरी। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने शुक्रवार को पुलिस लाइन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी ने पुलिस बैरक, सीपीसी कैन्टीन, व्यायाम शाला, मनोरंजन कक्ष, जीडी दफ्तर, गणना कार्यालय, स्टोर, परिवहन शाखा, महिला हेल्पलाइन, यातायात कार्यालय का निरीक्षण किया। बैरक के आस-पास साफ-सफाई रखने ,आपदा उपकरणों को ठीक रखने के साथ ही यहां चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली। एसएसपी ने पुराने सामन को नीलाम करने, आपदा उपकरणों को थानों आवंटन करने के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने आरआई को ड्यूटी रोस्टर तैयार कर इसी के अनुसार ड्यूटी लगाने को कहा। एसएसपी ने कहा कि वार्षिक फायरिंग में सभी अफसरों और जवानों को फायरिंग करवाई जाए। जीडी दफ्तर में अभिलेखों को अपडेट रखा जाए। पुलिस लाइन में नियमित परेड कराने व पुलिस कर्मियों के बीच क्रिकेट, फुटबाल, वॉलीबाल आदि खेल प्रतियोगिताएं कराने के साथ-साथ व्यायाम व योगा कराने को कहा गया। ताकि पुलिस कर्मियों का मानसिक और शारीरिक तनाव दूर हो और उनकी फिटनेस बेहतर रहे।

## धूमधाम से मनाया चमोली जिले का 64वां स्थापना दिवस

चमोली। चमोली जिले का स्थापना दिवस गोपेश्वर महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को चमोली जिला अपना 64वां स्थापना दिवस मना रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं बीएड परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने कार्यक्रम पेश किए। कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रो. बीसी शाह ने कहा कि स्थापना के बाद से जनपद चमोली ने विकास के कई सोपान प्राप्त किये हैं और आगे भी बहुत संभावनाएं हैं। जनपद चमोली के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दर्शन सिंह नेगी ने कहा कि जनपद चमोली कत्यूरी वंश की राजधानी से लेकर पंवार राजवंश की राजधानी भी रहा है एवं इसकी एक विशिष्ट धार्मिक, आध्यात्मिक सांस्कृतिक, प्राकृतिक एवं सामरिक पहचान है। इस अवसर पर आयोजित लोकगीत प्रतियोगिता में दिव्या ने प्रथम, नीतू ने द्वितीय, पवन कुमार, अंकित ने तृतीय, पोस्टर प्रतियोगिता में साधना ने प्रथम, अनुकृति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## संपादकीय

### यूपीआइ का विस्तार

केवल मोबाइल फोन के जरिये डिजिटल लेन-देन की सुविधा का विस्तार अब देश के बाहर भी हो रहा है. भारत के नागरिक यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) तथा सिंगापुर के नागरिक पेनाउ से दोनों देशों में डिजिटल भुगतान कर सकेंगे. जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेखांकित किया है, इससे तुरंत भुगतान संभव हो सकेगा तथा लेन-देन के खर्च में भी कमी आयेगी. इस समझौते का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि जहां भारत दुनिया की अहम अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, तो सिंगापुर एशिया की एक बड़ी वित्तीय शक्ति है. सिंगापुर में बड़ी तादाद में भारतीय मूल के लोग रहते हैं तथा दोनों देशों के बीच बड़ी मात्रा में वित्तीय व्यवसाय होता है. वर्तमान में दोनों देशों के बीच हर साल एक अरब डॉलर से अधिक का खुदरा और आय का लेन-देन होता है. भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, इस व्यवस्था के प्रारंभिक चरण में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, इंडियन बैंक और आईसीआईसीआई बैंक दोनों ओर से लेन-देन की सुविधा देंगे तथा ऐक्सिस बैंक और डीबीएस इंडिया के खातों में सिंगापुर से पैसे भेजे जा सकेंगे. सिंगापुर के लोगों को यह सुविधा डीबीएस-सिंगापुर और लिक्विड ग्रुप के माध्यम से मिलेगी. धीरे-धीरे इस प्रणाली में अन्य बैंक भी शामिल होंगे. वर्तमान प्रावधानों के अनुसार, भारतीय नागरिक एक दिन में एक खाते से 60 हजार रुपये भेज सकेंगे. भारत में ही विकसित यूपीआइ की तकनीक ने देश में रोजमर्रा के भुगतान में क्रांति ला दी है. दिसंबर में यूपीआइ के जरिये 782.9 करोड़ डिजिटल लेन-देन हुए थे, जिनमें 12.82 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित किये गये. वर्ष 2020-21 में 5,554 करोड़ ऐसे लेन-देन हुए थे, जबकि 2021-22 में इनकी तादाद 8,840 करोड़ हो गयी. यह 59 फीसदी की बड़ी छलांग थी. भीम-यूपीआइ के जरिये होने वाले लेन-देन में 2020-21 से 2021-22 में 106 प्रतिशत की रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई. मार्च, 2012 में शुरू हुई रुपे भुगतान प्रणाली भी भारत की अपनी प्रणाली है. जुलाई, 2014 में इसके कार्ड जारी हुए थे. आज 60 करोड़ से अधिक रुपे कार्ड इस्तेमाल में हैं.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## पुलिस अधीक्षक ने किया कर्णप्रयाग कोतवाली का निरीक्षण

चमोली। पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोभाल ने कर्णप्रयाग कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बंदीगृह, मालखाना, भोजनालय, आदर्श बैरिक, शौचालय का निरीक्षण किया। उन्होंने समय से मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोभाल को गार्ड कमांडर नरेंद्र सिंह कोटियाल और पुलिस कर्मियों ने सलामी दी। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों, आगुन्तक कक्षों और आपदा सम्बंधी उपकरणों का निरीक्षण किया। पुलिस के अधिकारियों से भोजनालय गृह को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा। महिला हेल्प डेस्क की पत्रावलियों का निरीक्षण करते हुए महिला सम्बंधी मामलों को त्वरित निस्तारण करने को कहा। गौरा शक्ति ऐप पर शिकायतों की जानकारी भी ली। इस मौके पर उन्होंने ग्राम प्रहरियों से वार्ता करते हुए उनकी समस्याएं भी सुनीं। निरीक्षण के दौरान सीओ अमित कुमार सैनी सहित पुलिस अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## कर्णप्रयाग में कांग्रेस ने चलाया हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम

चमोली। नगर कांग्रेस ने शुक्रवार को गांधीनगर वार्ड से हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का आगाज किया। नगर अध्यक्ष महेश खंडूड़ी के नेतृत्व में कांग्रेस ने वार्ड में लोगों से मिलकर देश की एकता के काम करने की अपील की। इस दौरान यूथ सेवादल के जिलाध्यक्ष पुष्कर सिंह रावत, गजपाल सोनी, मोहन कपरवाल, अनिल कुमार, सूरज कुमार, रामदयाल, अनिल कुमार आदि मौजूद थे।

## पटियालधार नर्सिंग कालेज में फैकल्टी के 13 पद खाली

चमोली। गोपेश्वर के नर्सिंग कालेज पटियालधार नर्सिंग कॉलेज में फैकल्टी के 13 पद खाली चल रह हैं। यहां सिर्फ चार की ही तैनाती की गई है। इनमें भी दो पदों पर हाल में ही तैनाती हुई है। बीएससी नर्सिंग का कोर्स यहां संचालित किया जा रहा है। लेकिन यहां अभी तक पूरी फैकल्टी तक तैनात नहीं की गई है। कॉलेज के लिए कुल 17 पद स्वीकृत हैं, इनमें चार पदों पर ही तैनाती हो पाई है। इससे पहले नर्सिंग कॉलेज में प्राचार्य समेत दो पदों पर ही फैकल्टी तैनात थी। बिना पूरी फैकल्टी के भी गोपेश्वर नर्सिंग कालेज का परीक्षा परिणाम राज्य स्तर पर सरकारी और गैर सरकारी नर्सिंग कालेजों में उल्लेखनीय रहता है। स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक यहां की छात्राओं ने अर्जित किए हैं। पूर्व सैन्य अधिकारी बीएस रावत, कैप्टन शूरबीर सिंह नेगी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि कॉलेज में पर्याप्त स्टॉफ की तैनाती होनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### लॉयंस क्लब श्रीनगर में खोलेगा अस्पताल

श्रीनगर गढ़वाल। लॉयंस क्लब श्रीनगर का द्वितीय अधिष्ठापन समारोह अदिति स्मृति न्यास में आयोजित किया गया। इस मौके पर समाज सेवियों, गो सेवकों, खेल प्रतिभाओं और शिक्षाविदों का सम्मान किया गया। मौके पर लॉयंस क्लब की नई कार्यकारिणी सहित क्लब से जुड़े नए सदस्यों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मां मायादेवी ग्रुप की ओर से स्वागत एवं मांगल गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई। आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पीएमजेएफ लॉयंस क्लब के डिसट्रिक्ट गर्वनर रजनीश गोयल ने कहा कि लॉयंस क्लब समाज सेवा व असहाय लोगों की मदद को आगे आकर कार्य कर रहा है। उन्होंने क्लब की ओर से श्रीनगर में किए जा रहे कार्यों को सराहना की। कहा श्रीनगर में जमीन उपलब्ध होने पर क्लब अपने स्तर से एक अस्पताल खुलवाएगा। इस अवसर पर रजनीश गोयल और लॉयंस क्लब के डिसट्रिक्ट केबिनेट सेक्रेटरी भजन प्रीत सिंह ने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आर्यन कंडारी और देवांश नौटियाल, गो सेवक समिति के आनंद सिंह भंडारी, हिमांशु बहुगुणा, अनुज जोशी, अनुग्रह मिश्र, शिक्षाविद डा. अरुण कुकशाल, डा. शिवराज सिंह रावत, प्रो. मोहन पंवार, केएल कुंजवाल, शिव सिंह नेगी, जेएल सिद्धवाण, राकेश कंडारी, बृजमोहन कृथवाल, संदीप रावत, साईनीकृष्ण उनियाल, डा. लोकेश सलूजा, डा.रचित गर्ग, डा. अजय गोयल, रमा अग्रवाल आदि को सम्मानित किया। इस मौके पर लॉयंस क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण को पूर्व अध्यक्ष राजीव विश्नोई ने चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मान दिया। संचालन सौरभ पांडेय ने किया। कार्यक्रम में क्लब के डिसट्रिक जीएफटी कोर्डिनेटर वीके बहुगुणा, डिसट्रिक पीआरओ सुनील कपूर, , जितेंद्र रावत , श्रीनगर लॉयंस क्लब के उपाध्यक्ष वासुदेव कंडारी, महासचिव सुमन जोशी, कोषाध्यक्ष सत्या प्रसाद तडियाल, अजब सिंह रावत, उम्मेद सिंह, डा. अरविंद दरमोड़ा, दीना धिरवाण, सुधा कंडारी आदि मौजूद रहे।

### एबीवीपी की छवि धूमिल करने का किया जा रह प्रयास: कंडारी

श्रीनगर गढ़वाल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री ऋांशु कंडारी ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा के पत्र को लेकर सोशल मीडिया पर एबीवीपी की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। कहा एबीवीपी रचनात्मक कार्यक्रम जैसे प्रतिभा सम्मान समारोह, खेलकूद प्रतियोगिताएं, रक्तदान, सेवा कार्य जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करती है। कहा एबीवीपी किसी भी प्रकार का पत्र अपने पंजीकृत लेटर हेड पर ही प्रेषित करती है। कहा एबीवीपी ने किसी भी प्रकार का कोई पत्र जिला शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा को नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि संगठन जबरन सरकारी तंत्र का दुरूपयोग करके कार्यक्रमों में भीड़ एकत्रित नहीं करती है।

### चारधाम यात्रा में ऑनलाइन पंजीकरण की बाध्यता का विरोध

श्रीनगर गढ़वाल। होटल एसोसिएशन श्रीकोट एवं श्रीनगर ने आगामी चारधाम यात्रा को लेकर ऑनलाइन पंजीकरण की बाध्यता का विरोध किया है। कहा सरकार के इस फैसले से व्यापारियों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस फैसले को तत्काल वापस नहीं लेगी तो आंदोलन किया जाएगा। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अपल रतूड़ी, महासचिव डा. विनित चंद्र पोस्ती, कोषाध्यक्ष विक्रम पंवार ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चार धाम यात्रा 2023 का आगाज अप्रैल माह से होने जा रहा है। कहा कि चारधाम यात्रा पर सभी लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। लेकिन सरकार ने विगत दिनों चारधाम यात्रा में यात्रियों की ऑनलाइन पंजीकरण शुरू करने के साथ ही धामों के दर्शनार्थियों की संख्या निर्धारित कर दी है। इससे होटल कारोबारियों और अन्य व्यापारियों को खासा नुकसान होगा। कहा कि चारधाम यात्रा में पर्यटन विभाग की खामियां और अव्यवस्थाएं रहती हैं। यह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जस की तस हैं। पर्यटन विभाग इसको सुधारने की जगह इस वर्ष ऑनलाइन पंजीकरण एवं सीमित संख्या में यात्रियों के पहुंचने की बात कह रहा है। जिसका होटल एसोसिएशन पुरजोर विरोध करता है। कहा कि यदि जल्द से सरकार अपने फैसले को वापस नहीं लेती है तो होटल एसोसिएशन श्रीकोट, श्रीनगर आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### हिमांचल की तरह उत्तराखंड में मजबूत भू कानून जरूरी: प्रो. पाठक

श्रीनगर गढ़वाल। एचएनबी गढ़वाल विवि के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से हिमालय और उप हिमालय क्षेत्रों में विकास और राजनीतिः संबंधों और संभावनाओं की खोज विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का शुभारंभ हुआ। मुख्य वक्ता इतिहासकार और लेखक प्रो. शेखर पाठक ने कहा उत्तर प्रदेश में लगभग 70 फीसदी कृषि भूमि है जबकि उत्तराखंड में सिर्फ 5 फीसदी ही इस प्रकार की भूमि है। इसके लिए उन्होंने पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश की तरह मजबूत भू कानून की वकालत की। गढ़वाल विवि के स्वामी मनमंथन प्रेक्षागृह में आयोजित सेमीनार में प्रो. पाठक ने उत्तराखंड में अनियोजित तथा अनियंत्रित विकास की अंधी दौड़ पर चिंता व्यक्त की। कहा कि इससे पहाड़ में नई प्रकार की समस्याएं जन्म ले रही हैं। राष्ट्रीय फोरेंसिक साइंस विवि त्रिपुरा के प्रो. केएन जेना ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र को संवेदनशीलता के साथ संभालने की आवश्यकता थी, लेकिन यहां चलने वाली योजनाएं मुंबई के लिए बनने वाली योजनाएं जैसी हैं। जिसने हिमालयी क्षेत्र में विनाश की गतिशीलता को बढ़ा दिया है। कहा पूरे देश के लिए एक जैसी नीतियां नहीं बल्कि हिमालय केंद्रित नीतियों की आवश्यकता है। गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने कहा कि उच्च शिक्षा के संस्थान होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने समाज की बेहतरी के लिए और उसके विकास के लिए शोध प्रस्तुत करें। संगोष्ठी के संयोजक प्रो. एमएम सेमवाल ने कहा कि हिमालय पर लगातार खतरे उतपन्न हो रहे हैं, इसलिए इस तरह के कार्यक्रम अत्यंत प्रासंगिक हैं। ताकि हिमालय की आत्मा को बचाने के लिए कुछ गंभीर प्रयास किये जा सकें। मानविकी एवं समाज विज्ञान संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. हिमांशु बौढ़ाई ने संगोष्ठी में आए अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. राकेश नेगी ने धन्यवाद ज्ञापन व संचालन डॉ. नरेश कुमार और विदुषी डोभाल ने किया।

### धूमधाम से मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक में राजकीय जूनियर हाईस्कूल दिवाड़ा ने अपना वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने छात्रों को बेहतर शिक्षा देने के लिये शिक्षा से जुड़ी कई योजनाऐं संचालित कर रही है। विशिष्ट अतिथि नपं गजा की अध्यक्ष मीना खाती ने कहा कि बेहत्तर शिक्षा के साथ साथ छात्रों का शाररिक और बौद्धिक विकास भी जरूरी है। चंबा की ब्लॉक प्रमुख शिवानी बिष्ट ने कहा विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने गढ़वाली गीत बेडू पाकौ बारमासा, मठू मठू हिटी, धरती हमारा गढ़वाल की कथगा रौंतेय्ली स्वाणी छ,सहित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाट्क पर मनमोहक प्रस्तुति दी। विद्यालय प्रधानाचार्य देवराज भट्ट ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न और अभिनंदन पत्र सौंपा। मौके पर दिवाड़ा ग्राम प्रधान पूनम नेगी, डीपी उनियाल,मंगत नेगी, एसडी आर्य, केडी पठोई, मुकेश डोभाल, नंदलाल डबराल, अनिल बधानी सहित कई लोग मौजूद थे।

# सेल्फी : पहला दिन 6 करोड़, वीकेंड 22 करोड़, लाइफ टाइम 70 करोड़

इस शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार की फिल्म सेल्फी का प्रदर्शन होने जा रहा है। गत वर्ष लगातार 4 असफल फिल्में देने वाले अक्षय कुमार के करियर के लिए सेल्फी निर्णायक मोड़ साबित हो सकती है। धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म को राज मेहता ने निर्देशित किया है, जो इससे पहले अक्षय कुमार को लेकर गुड न्यूज दर्शकों को दे चुके हैं। सेल्फी मूल रूप से मलयालम भाषा में बनी फिल्म ड्राइविंग लाइसेंस का रीमेक है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन ने मुख्य भूमिका अभिनीत की थी। इस फिल्म को लेकर बॉक्स ऑफिस बहुत ज्यादा आशान्वित नजर नहीं आ रहा है। एडवांस बुकिंग को लेकर दर्शकों में कोई खास उत्साह नहीं है।

लगभग दो हजार स्क्रीन्स पर प्रदर्शित होने वाली सेल्फी को लेकर यह कहा जा सकता है कि यह पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 6 से 7 करोड़ के मध्य कारोबार करने में सफल होगी। इस फिल्म के पहले सप्ताहांत में 22 करोड़ के लगभग कारोबार करने की उम्मीद की जा रही है। वहीं यह कहा जा सकता है कि यह फिल्म अपने लाइफ टाइम कारोबार में 70 करोड़ के आंकड़े तक पहुँचने में सफल हो जाएगी। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि सेल्फी अक्षय कुमार की हिट फिल्मों में शामिल नहीं होगी अपितु यह सिर्फ अपनी लागत निकालते हुए कुछ लाभांश प्राप्त करने में कामयाब होगी।

इस फिल्म में अक्षय कुमार सिनेमा के सुपर सितारे के रूप में नजर आएंगे, जिनके लाखों की तादाद में प्रशसंक हैं, जिनमें से एक प्रशंसक उनका पुलिस वाला भी है, जो बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाने पर उनका चालान कर लेता है। कहानी इन दोनों के आपसी प्रेम और टकराव पर है। फिल्म के गाने लोकप्रिय हो चुके हैं। विशेष रूप से अक्षय और सैफ की फिल्म मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी का रीमिक्स वर्जन, जिसे श्रोताओं ने काफी पसन्द किया है।

राज मेहता के निर्देशन में बनी और धर्मा प्रोडक्शंस, पृथ्वीराज प्रोडक्शंस, स्टार स्टूडियोज, मैजिक फ्रेम्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस 'सेल्फी' में अक्षय कुमार, डायना पेंटी, इमरान हाशमी, नुसरत भरुचा मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म में अक्षय और इमरान की जोड़ी पहली बार स्क्रीन पर नजर आएगी।




# ऑस्कर समारोह से पूर्व अमेरिका में फिर प्रदर्शित होगी क्रक्रक्र

क्रक्रक्र अमेरिकी सिनेमाघरों में फिर से प्रदर्शित की जा रही है। क्रक्रक्र ऑस्कर पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत श्रेणी में शामिल है। इस फिल्म को अमेरिका में ऑस्कर पुरस्कारों से पहले एक बार फिर से वहाँ के वितरक प्रदर्शित करने जा रहे हैं। समाचारों के अनुसार क्रक्रक्र को अमेरिका के 200 सिनेमाघरों में 3 मार्च से प्रदर्शित किया जाएगा। यूएस में क्रक्रक्र के वितरक वेरिएंस फिल्म्स ने नए ट्रेलर के साथ ट्विटर पर इस खबर की घोषणा की।

नए ट्रेलर में फिल्म के कुछ बेहतरीन पलों को दिखाया गया है जैसे कि पुल का दृश्य, नातू नातू गीत, और महाकाव्य अंतिम तसलीम की झलकियां। नातु नातु की सफलता को भुनाने के लिए, निर्माताओं ने ट्रेलर के पृष्ठभूमि संगीत के रूप में संख्या के एक रसपूर्ण मिश्रण का उपयोग किया है, जो इसे प्रशंसकों और नए दर्शकों के लिए और अधिक मजेदार बनाता है। नए प्रोमो में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फिल्म को मिली सभी प्रशंसाओं को दिखाया गया है, जिसमें जेम्स कैमरन (ए ट्रायम्फ आई विस्मय) और स्टीवन स्पीलबर्ग (असाधारण। मैं अपनी आंखों पर विश्वास नहीं कर सका) जैसे हॉलीवुड आइकन से प्रशंसा के शब्द शामिल हैं और एडगर राइट (व्हाट एन एब्सोल्यूट ब्लास्ट)। क्रक्रक्र अमेरिका में 3 मार्च को फिर से रिलीज होगी।

वेरिएंस फिल्म्स ने ट्वीट किया, क्रक्रक्र फाइनल ट्रेलर। सेलिब्रेशन शुरू होने दें! एसएस राजामौली की उत्कृष्ट कृति क्रक्रक्र 3 मार्च से देश भर में 200 से अधिक सिनेमाघरों में वापसी




कर रही है।

पिछले साल रिलीज होने के बाद से, क्रक्रक्र का पश्चिम में खुले हाथों से स्वागत किया गया है, जो फिल्म के निर्देशक एसएस राजामौली के लिए भी एक सुखद और अप्रत्याशित आश्चर्य था। एक टॉक शो में राजामौली ने कहा, मैं पश्चिम से मिले स्वागत से हैरान था। एक अच्छी कहानी हर किसी के लिए एक अच्छी कहानी होती है, लेकिन मैंने नहीं सोचा था कि मैं पश्चिमी संवेदनाओं के लिए फिल्म बना सकता हूं। मुझे खुद पर कभी विश्वास नहीं हुआ। इसलिए, जब यह नेटफ्लिक्स पर आया और लोगों ने इसे देखना शुरू किया और जब आलोचकों ने अच्छी समीक्षा देना शुरू किया तो मुंह से शब्द निकलने शुरू हो गए ... मैं वास्तव में हैरान था।

इस बीच, राम चरण, फिल्म के संगीतकार एम.एम. कीरावनाई, और गीतकार चंद्र बोस पहले से ही ऑस्कर से पहले अमेरिका में हैं, जो 13 मार्च को होने वाला है। राम चरण लोकप्रिय टॉक शो गुड मॉर्निंग अमेरिका में दिखाई दिए, जहां उन्होंने कहा कि एसएस राजामौली जल्द ही अपनी अगली फिल्म के साथ ग्लोबल सिनेमा में कदम रखेंगे।

क्रक्रक्र पहले ही सर्वश्रेष्ठ मूल गीत (नातू नातु) के लिए गोल्डन ग्लोब जीत चुका है। ऐतिहासिक फिक्शन ने क्रिटिक्स च्वाइस मूवी अवाड्र्स, न्यूयॉर्क फिल्म क्रिटिक्स सर्कल और शिकागो फिल्म क्रिटिक्स एसोसिएशन अवार्ड सहित कई अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीते हैं। अगर क्रक्रक्र ऑस्कर जीतती है, तो यह भारतीय सिनेमा के इतिहास में ऐसा करने वाली पहली फिल्म बन जाएगी।

# हेरा फेरी-3 : फरहाद सामजी को लेकर विरोध में आए दर्शक, हटाने की माँग

आखिरकार, बहुत सारी अटकलों और अनुरोधों के बाद, फिरोज नडियाडवाला बपनी प्रतिष्ठित कल्ट कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी के 3रे भाग को शुरू करने में सफल हो गए हैं। इस फिल्म की सबसे बड़ी खासियत इसकी प्रतिष्ठित तिकड़ी - अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल हैं, जो इस फिल्म के जरिये एक बार फिर से दर्शकों को रोमांचित करने आ रहे हैं। हालांकि जब से इस फिल्म के निर्देशक का नाम सामने आया है दर्शकों ने इसके खिलाफ एक अभियान छेड़ दिया है। अब गुस्साए प्रशंसक एक याचिका पर हस्ताक्षर कर रहे हैं।

मीडिया में जब से इस बात की जानकारी सामने आई है कि सलमान खान की आगामी फिल्म किसी का भाई किसी की जान और पूर्व में हाउसफुल 4 का निर्देशन कर चुके फरहाद सामजी को हेरा फेरी-3 के निर्देशन की बागडोर सौंपी गई है, तब से दर्शक इस बात को लेकर परेशान हो गए हैं कि फरहाद सामजी को निर्देशक के तौर पर क्यों लिया गया है। उनका कहना हैकि फरहाद सामजी हेरा फेरी की शैली के निर्देशक नहीं हैं। कुछ लोगों ने फिल्म से निर्देशक को बदलने के लिए सभी से हस्ताक्षर करने के लिए एक याचिका भी शुरू की।

प्लेटफॉर्म चेंज डॉठ ओआरजी पर, नाराज प्रशंसकों में से एक ने एक याचिका दायर की जिसके अनुसार, स्पष्ट रूप से जैसा कि शीर्षक




से पता चलता है, हम नहीं चाहते कि फरहाद सामजी हेरा फेरी जैसी क्लासिक फिल्म फ्रेंचाइजी का निर्देशन करें। उनका ट्रैक रिकॉर्ड या निर्देशित पिछली फिल्में संतोषजनक नहीं रही हैं, जिसके लिए फिल्म हेरा फेरी के निर्देशक को बदलने की जरूरत है। इस याचिका पर अब तक 166 लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं।

साइन करने वालों में से एक ने कमेंट सेक्शन में लिखा, मैं नहीं चाहता कि क्लासिक बर्बाद हो।

जबकि दूसरे ने तर्क दिया, वह विरासत को बर्बाद कर देगा।

तीसरे ने लिखा, सेविंग हेरा फेरी 3 इज सेविंग इंडियन सिनेमा।

# नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित होगी यामी गौतम की थ्रिलर फिल्म चोर निकल के भाग




हाल ही में यामी गौतम की वेब सीरीज लास्ट ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित हुई थी। अब उनकी एक और फिल्म का ओटीटी पर प्रदर्शन होने जा रहा है। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर घोषणा की है कि यामी गौतम और सनी कौशल की फिल्म चोर निकल के भाग आगामी 24 मार्च को स्ट्रीमिंग की जाएगी। तेज-तर्रार डकैती-थ्रिलर के रूप में जानी जाने वाली यह फिल्म अजय सिंह द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स के अमर कौशिक और दिनेश विजान द्वारा निर्मित है।

शरद केलकर अभिनीत, चोर निकल के भागा एक एयर होस्टेस और उसके व्यवसायी प्रेमी की कहानी है, जो एक ऋष्टा शार्क के चंगुल से खुद को मुक्त करने के लिए हीरे चोरी करने के मिशन पर हैं। हालाँकि, डकैती बुरी तरह से गलत हो जाती है जब हीरों को ले जाने वाला विमान ही बंधक स्थिति में फंस जाता है। अजय सिंह ने कहा कि चोर निकल के भागा में काम करना एक रोमांचकारी, रोलर कोस्टर राइड साबित हुआ।

यामी और सनी को निर्देशित करना और इस फिल्म को उनके प्रदर्शन के माध्यम से देखना और कथानक रोमांचक था और मैं नेटफ्लिक्स के माध्यम से दुनिया भर के दर्शकों को हमारे प्यार के अनुभव का इंतजार नहीं कर सकता।

निर्देशक ने कहा, मैडॉक हमेशा उन कहानियों पर जोर देता रहा है जो वे बताते हैं और नेटफ्लिक्स द्वारा इन कहानियों को एक मंच देने से यह और भी खास हो जाता है। अमर कौशिक और दिनेश विजान ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार कहानी सुनी तो वे इस परियोजना का हिस्सा बनना चाहते थे। हम कहानी दिखाने के लिए एक नई जोड़ी चाहते थे और फिल्म कैसे सामने आती है। यामी और सनी इस भूमिका में पूरी तरह फिट हैं। यह फिल्म एक हेस्ट थ्रिलर है, जो भारतीय मनोरंजन उद्योग से बाहर आने वाली बहुत कम फिल्मों में से एक है और नेटफ्लिक्स हमेशा अलग-अलग कहानियों का समर्थन करता है, हमें पता था कि हमें इस शीर्षक पर एक साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा, दुनिया भर के दर्शक आनंद लेने के लिए दिलचस्प फिल्मों की तलाश में हैं और हमें उम्मीद है कि यह उन्हें संतुष्ट करेगी।